# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 26 मार्च 2025






## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के पहाड़ को काट कर बना रहे नेशनल हाईवे



अलग खबर

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले से सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र आकाबेड़ा जाने में दहशत इतनी कि लोग मुंह तक नहीं खोलते, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। नारायणपुर से आकाबेड़ा तक जगह-जगह सीआरपीएफ के कैंप स्थापित किए, जिसके चलते लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग नारायणपुर से आकाबेड़ा तक 17 किमी 93.07 करोड़ की लागत से नेशनल हाईवे क्रमांक 130 डी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस सड़क बनाने के लिए धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र बने पहाड़ों काट रहे हैं, जिससे सड़क बन सके। बताया जा रहा है कि नारायणपुर जिला मुख्यालय से आकाबेड़ा होते हुए महाराष्ट्र जाने के लिए लगभग 3 मीटर चौड़ी सड़क से भारी वाहनों एवं अन्य वाहनों का आना-जाना होता रहता है।



### जहां पहले कभी जाना था कठिन वहां बन रही सड़क

वर्ष 2019 में केन्द्र सरकार ने इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 डी घोषित कर दिया है। उसके बाद से सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में फोर्स ने अपनी दखलांदाजी बढ़ाई है। पुलिस ने उन क्षेत्रों में कैंप स्थापित किए हैं, जहां जाना पहले कभी मुमकिन ना था, घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में गांव आकाबेड़ा में भी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यहां नारायणपुर से आकाबेड़ा तक 17 किमी 93.07 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 डी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस सड़क बनाने के लिए धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र बने पहाड़ को काट रहे हैं, जिससे सड़क बन सके। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ जीएस शोरी अपने उपयंत्री के साथ जुटे हुए हैं।

### सीधे महाराष्ट्र से जुड़ जाएंगे

ग्राम आकाबेड़ा निवासी बुधरी, मंगली, सोमारू सहित आधा दर्जन ग्रामीणों ने बताया कि गांव तक सड़क बनने से लोग आसानी से सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र से जुड़ जाएगा। इससे महाराष्ट्र से आना-जाना के साथ-साथ रिश्ते कर सकेंगे।

### ठेकेदार को दिए निर्देश

राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ जीएस शोरी ने बताया कि क्षेत्र के ठेकेदार को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग को समय में पूरा करें। अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रेनें रद्द, दोपहर की गाड़ी रात को पहुंच रही गंतव्य

**रायपुर।** तेज गर्मी के बीच



लगातार आउटर में ट्रेन खड़ी होने से यात्री इन दिनों बेहद परेशान हैं। हावड़ा रूट की ज्यादातर ट्रेनें इन दिनों विलंब से चल रही हैं। झारसुगुड़ा के बाद ट्रेनों की रफ्तार धीमी होने लगी है। मालगाड़ियों का दबाव भी इस रूट पर बढ़ गया है। हावड़ा से रायपुर पहुंचने वाली ट्रेन 4 से 5 घंटे विलंब से पहुंच रही है।
तेज गर्मी में कोच के भीतर लगातार 30 से 40 मिनट तक यात्रियों का रहना मुश्किल हो जाता है। दूसरी ओर स्टेशन में भी ट्रेनों का इंतजार बढ़ता जा रहा है। दोपहर को आने वाली ट्रेन रात को पहुंच रही है। ट्रेनों की लेटलतीफी से स्टेशन में बेवजह यात्रियों को घंटों समय बिताना पड़ रहा है।
ज्यादातर ट्रेन अपने निर्धारित समय से 4 से 6 घंटे देर से चल रही है। ट्रेनों को आउटर में रोके जाने की वजह से लेटलतीफी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को बार-बार आउटर में रोके जाने से रायपुर से गुजरने वाली हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस कई जगहों पर आधे घंटे में महज 10 से 15 किमी की दूरी तय कर पाई।

### अर्थशास्त्र के पर्चे में पकड़ाए दो नकलची



**रायपुर।** सोमवार को आयोजित 12वीं के अर्थशास्त्र के पर्चे में 2 नकलची धरे गए हैं। 24 मार्च को अर्थशास्त्र के अलावा जीव विज्ञान, पशुपालन दुग्ध प्रौद्योगिकी मत्स्य एवं कुक्कुट पालन, भारतीय कला का इतिहास विषय की भी परीक्षा थी। मंडल द्वारा नकल प्रकरण को रोकने के लिए राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम बनाई गई है। टीम ने सोमवार को हायर सेकंडरी स्कूल सेजबहार, हायर सेकंडरी स्कूल टेकारी, हायर सेकंडरी स्कूल सकरी चण्डी स्कूलों का सघन निरीक्षण किया। इनमें से चण्डी के हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। छात्रों पर नियमानुसार मंडल द्वारा नकल प्रकरण की कार्यवाही की गई।

### मरीजों से ज्यादा सरकारी अस्पतालों को इलाज की जरूरत

# छत्तीसगढ़ में 80 फीसदी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, कई जिलों में एक भी एमडी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अगर इलाज की सरकारी व्यवस्था की बात की जाए, तो यहां मरीजों से ज्यादा सरकारी अस्पतालों को इलाज की जरूरत है। हालत ये है कि राज्य के 33 जिलों में नियमित विशेषज्ञ चिकित्सकों के 80 प्रतिशत पद खाली हैं। दूसरी ओर जिलों की हालत पर नजर डालें, तो कई जिले ऐसे हैं जहां एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक ही नहीं है। दूरदराज के इलाकों की बात करें तो मोहला मानपुर, सुकमा में तो एक भी एक्सपर्ट डॉक्टर ही नहीं है। यही कारण है कि रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के अस्पतालों में राज्य भर के मरीज आते हैं और यहां अस्पतालों पर बोझ बढ़ता ही जा रहा है।

प्रदेश में सरकारी स्वास्थ्य सेवा की स्थिति पर ये है कि अस्पताल तो हैं, लेकिन इलाज करने वाले डॉक्टरों की भारी कमी है। राज्य में स्वास्थ्य संस्थाओं की स्थिति ये है कि जिला चिकित्सालयों की संख्या 30 है। सिविल अस्पताल 22, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 195, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 178, उप स्वास्थ्य केंद्र 5169 और एमसीएच अस्पताल 31 है। इन सरकारी संस्थानों के भरोसे राज्य की अधिकांश गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को सरकार चिकित्सा की सेवा प्रदान करती है। इनमें मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल शामिल नहीं है।




### अब देखिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की कितनी है मौजूदगी

राज्य में चिकित्सा विशेषज्ञों की पदस्थाना के लिए प्रदेश के सभी 33 जिलों में कुल मिलाकर 1773 पद स्वीकृत हैं। इनमें से केवल 320 एक्सपर्ट डॉक्टर ही नियमित रुप से सेवाएं दे रहे हैं। इनके साथ ही तदर्थ और संविदा पर सेवाएं दे रहे विशेषज्ञ डॉक्टर भी केवल 34 ही है। राजधानी रायपुर की बात करें तो यहां चिकित्सा विशेषज्ञो के 58 पद स्वीकृत हैं। लेकिन काम करने वाले नियमित डॉक्टर 22 ही हैं। कर्वधा में इस श्रेणी के मात्र 2 डॉक्टर हैं। राजनांदगांव में 3, खैरागढ़- छुईखदान गंडई में 2,बीजापुर में 1, बलरामपुर में 1 एक्सपर्ट डॉक्टर पदस्थ है।




### यहां कोई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है

राज्य के कुछ जिले ऐसे हैं जहां के मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टर की कोई सरकारी सुविधा उपलब्ध नहीं है। इनमें मोहला मानपुर जिला सबसे अधिक वंचित है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टर के 16 पद स्वीकृत हैं, लेकिन नियमित रुप से कोई डॉक्टर नहीं है। तदर्थ और संविदा पर भी काम करने यहां कोई डॉक्टर नहीं आया है। बस्तर के सुकमा जिले में विशेषज्ञ डॉक्टर के 32 पद मंजूर हैं। लेकिन यहां भी नियमित, तदर्थ और संविदा पर भी कोई डॉक्टर काम नहीं कर रहा है।

### रायपुर, दुर्ग पर इसलिए बढ़ रहा मरीजों का बोझ

छत्तीसगढ़ में दूरदराज के इलाकों में अस्पताल होने के बाद भी मरीजों को डॉक्टरों की कमी के कारण इलाज नहीं मिल रहा है। यही कारण है रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के सरकारी अस्पतालों में राज्य भर के मरीज आते हैं और इन शहरों में आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सरकारी क्षेत्र में इलाज की व्यवस्था उपयुक्त न होने की वजह से गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ा रहा है, जहां उन्हें बड़ी कीमत अदा करने पर इलाज मिल पा रहा है।

## सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी, वन रक्षक सहित तीन सस्पेंड



**बालोद।** जिले में भालू की संदिग्ध मौत और पंजे कटे मिलने के मामले में डीएफओ ने सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी, वनरक्षक सहित तीन को सस्पेंड कर दिया है। जिले के बालोद वन परिक्षेत्र अंतर्गत तादुला जलाशय में भालू की मौत के बाद सहायक परिक्षेत्र हर्राठेमा के कल्लूबाहरा में बिना पोस्टमार्टम के दफनाने के मामले में कार्रवाई की गई है। डीएफओ बलभद्र सरोटे ने इसे गंभीर लापरवाही माना और सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी भूषण लाल ढीमर, वन रक्षक बिशेखा नाग व मुल्ले के वन रक्षक दरेन पटेल को सस्पेंड कर दिया है। रेंजर रामनाथ टेकाम को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### 28 दिनों बाद निकाला गया था भालू का शव

भालू की मौत की जांच की गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए बाहर निकाला गया तो पहले भालू के चारों पंजे कटे मिले थे। ऐसा लग रहा था मानो पंजों को कुछ दिन पूर्व ही ऊपर दफन किया गया। शव कुछ फीट खुदाई के बाद निकाला गया। भालू के पंजे को फॉरेंसिक जांच के लिए जबलपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के बाद सच पता चलेगा।
**रेंजर को नोटिस :** डीएफओ बालोद बलभद्र सरोटे, ने बताया कि भालू की मौत व बिना पोस्टमार्टम दफन करने की जांच की गई। रिपोर्ट में मिली जानकारी के बाद सहायक परिक्षेत्र अधिकारी व दो वन रक्षकों की लापरवाही पाई गई, इसलिए तीनों को सस्पेंड कर दिया गया है। रेंजर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

## रायपुर सहित राज्य के पांच युवकों ने आईटी अफसर बनकर लूट की वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

इनकम टैक्स अधिकारी बनकर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उनके पास से लूट की रकम सहित कुल 37 लाख 38 हजार रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 19 मार्च को दोपहर 2:30 बजे चार लोग इनोवा कार सीजी 10 बीएम 3041 में सवार होकर बम्हनी गांव पहुंचे। उन्होंने दुकान के पास खड़े अजय मानिकपुरी को कब्जे में लेकर जबरदस्ती उसके घर में घुसकर 5 लाख रुपए नकद, गल्ले में रखी रकम, सीसीटीवी डीवीआर और एक मोबाइल लूट लिया।
**ऐसे हुआ मामले का खुलासा** – 23 मार्च को अजय की पत्नी तुलेश्वरी मानिकपुरी ने कोण्डागांव थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को इनोवा कार की लोकेशन रायपुर में मिली। तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम रायपुर पहुंची और कार चालक व मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध कबूल कर लिया।



### गांव का ही व्यक्ति था मास्टरमाइंड

जांच में खुलासा हुआ कि लेखराम सिन्हा इस पूरी साजिश का मुख्य आरोपी था। उसने ग्राम बम्हनी निवासी साजेन्द्र बघेल से सूचना पाकर इस लूट की योजना बनाई थी। साजेन्द्र ने बताया कि अजय मानिकपुरी के घर में काफी पैसा है। यदि इनकम टैक्स अधिकारी बनकर छापा मारा जाए, तो बड़ी रकम मिल सकती है। इसी लालच में लेखराम और उसके साथियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।मुख्य आरोपी लेखराम सिन्हा पहले भी लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने के मामलों में संलिप्त रहा है।
**गिरफ्तार आरोपी :** सुरेन्द्र कुमार कुर्रे 29 वर्ष निवासी मुंगेली, लेखराम सिन्हा 39 वर्ष निवासी कांकेर, प्रभदीप सिंह 30 वर्ष निवासी रायपुर, प्रियांक शर्मा 22 वर्ष निवासी रायपुर, साजेन्द्र बघेल 29 वर्ष निवासी कोण्डागांव शामिल हैं।

## गृहमंत्री के डेडलाइन के बाद नक्सलियों में खौफ

**जगदलपुर।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 के डेडलाइन व बस्तर समेत देश के नक्सल प्रभावित राज्यों से नक्सलवाद के सफाए के ऐलान के बाद नक्सलियों में दहशत देखी जा रही है। खौफ में नक्सलियों ने शीर्ष नक्सलियों को पत्र लिखकर अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि अंदरूनी इलाके भी अब सेफ नहीं है। सेफजोन में भी पुलिस पहुंचकर एनकाण्टर कर हमारे लोगों को मौत के घाट उतार रही है।

- पत्र जारी कर शीर्ष नक्सलियों को बताई अपनी दशा, कहा अंदरूनी इलाके भी असुरक्षित

गौरतलब है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक राज्य से नक्सलवाद खत्म करने का ऐलान किया है। जिसकी डेड लाइन का दहशत अब नक्सलियों में साफ दिखाई दे रहा है। इसी बीच बीजापुर एनकाउंटर वाली जगह पर नक्सलियों का पत्र बरामद हुआ है। गोंडी भाषा में लिखे गए दो पन्ने के पत्र में फोर्स के बढ़ते दबाव और संगठन में दहशत का जिक्र किया गया है। बरामद हुए पत्र से साफ जाहिर है कि सरकार की खींची गई डेडलाइन का नक्सल संगठनों में खौफ है।

## एक साल में चिरमिरी की तस्वीर बदल देंगे, पलायन रोककर रोजगार दिलाएंगे

**रायपुर।** चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय का कहना है, चिरमिरी की एक साल में तस्वीर बदलने का काम किया जाएगा। पलायन को रोकने के साथ ही रोजगार के अवसर भी प्रदान करने का काम करेंगे। बहुत सारी योजनाएं बना रहे हैं। इन योजनाओं पर जल्द अमल किया जाएगा। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उनसे जो बात की उसके अंश प्रस्तुत हैं।

नए महापौर नई बात

▶ पार्षद चुनाव में आपको सिर्फ चार वोट मिले थे, ऐसे कहा जाता है, महापौर का चुनाव छह हजार वोट से कैसे जीत पाए आप?

▶▶ पार्षद चुनाव को लेकर जो कहा जा रहा है, वह गलत है, ऐसा कुछ था ही नहीं। लोगों का मुझ पर भरोसा था, मैंने सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है। 24 से विधि व्यवसाय से जुड़ा हुआ हूं। भाजपा का भी काम करता रहा हूं। इसलिए पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया और मैं पार्टी के भरोसे पर खरा उतरने में सफल रहा। मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पार्टी का आभारी हूं कि मुझे जैसे कार्यकर्ता पर पार्टी ने भरोसा जताया। मैंने जो सामाजिक कार्य किए, उसको लोगों ने पंसद किया और मुझे जीत दिलाने का काम किया।

▶ आपका चेहरा देखकर लोगों को श्याम बिहारी जायसवाल का चेहरा क्यों दिखता है?

▶▶ लोगों का प्यार है। हमने भी श्याम बिहारी जायसवाल के चुनाव में काम किया था। हम लोगों काफी समय से साथ हैं।

▶ विनय जासवाल विधायक रहे, उनकी पत्नी महापौर रहीं, कितनी बड़ी चुनौती थी जायसवाल दंपत्ति, और कितनी घबराहट रही?


▶▶ हमें कोई घबराहट और डर नहीं था, हम जानते थे, जीत हमारी होगी। भाजपा का हर कार्यकर्ता हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा था। विनय जासवाल कोई चुनौती नहीं थे। कांग्रेस ने उनको टिकट दिया था, वे ही अपनी पार्टी के नेताओं पर पैसे लेकर टिकट देने का आरोप लगा चुके थे।

▶ आपको जीत दिलाने में किसने ज्यादा मेहनत की भाजपा के कार्यकर्ताओं ने या फिर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने?

▶▶ हमारा हर कार्यकर्ता ही हमारे साथ लगा था और हमारा संगठन भी हमारे साथ था। मुझे जिसने भी वोट दिया चाहे भाजपा का हो या कांग्रेस का हो, मैं उसका आभार तो मानता



रामनरेश राय



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

ही हूं। वैसे भी किसी कांग्रेसी ने मुझे वोट दिया होगा तो वह मुझे बताने थोड़े आएगा कि उसने मुझे वोट दिया है।

▶ इतनी बड़ी जीत क्या कांग्रेस के वोट बैंक से आई है?

▶▶ वोट में यह थोड़े होता है कि यह भाजपा का वोट है या कांग्रेस का वोट है।

▶ चिरमिरी के लिए क्या करेंगे?

▶▶ एसईसीएल अपना टेंडर निकलता है और निगम अपना टेंडर निकलता है, इससे परेशानी होती है। एसईसीएल के कर्मचारी, अधिकारी भी बात सुन रहे हैं। चिरमिरी के विकास के लिए काम किया जाएगा। चिरमिरी को बहुत सुंदर शहर के रूप में बनाया जाएगा। जब आप यहां आएंगे तो चिरमिरी काफी बदला हुआ नजर आएगा।

▶ सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है, लोग चिरमिरी छोड़कर जा रहे हैं?

▶▶ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का काम करेंगे। उद्योग-धंधे लगाने का प्रयास होगा। चिरमिरी के विकास के लिए और यहां से हो रहे पलायन के लिए योजना बना रहे हैं। इस पर काम किया जाएगा। चिरमिरी को फिर से कैसे बसाया जाए, इसको लेकर भी योजना बना रहे हैं।

▶ राजस्व की स्थिति कैसी है निगम की, क्या खर्च निकल जाता है या फिर राज्य सरकार की तरफ आशा भरी नजरें से देखते हैं?

▶▶ राज्य सरकार की तरफ ही आशा भरी नजरों से देखना पड़ता है।

▶ एमआईसी का गठन खुद किया या रायपुर से सूची आई थी?

▶▶ हमने संगठन को जानकारी देकर गठन किया है?

### केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू के प्रयास से मां कर्मा के नाम से डाक टिकट जारी हुआ

# मां कर्मा जंयती के अवसर पर डाक टिकट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने साहू समाज के द्वारा मां कर्मा जंयती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज मां कर्मा के नाम पर डाक टिकट जारी हो रहा है यह दिन साहू समाज के लिए गर्व और सम्मान से भरने वाला है ।मां कर्मा के नाम पर विशेष डाक टिकट जारी होने से न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय पहचान मिली है, बल्कि यह समाज की एकजुटता और योगदान का भी प्रतीक है।

यह गौरवपूर्ण क्षण मेरे लिए और भी खास है क्योंकि इस अवसर पर मेरे पूर्वजों का मान बढ़ाया गया। यह सम्मान न केवल मेरे परिवार के लिए, बल्कि पूरे साहू समाज के लिए प्रेरणा




का स्रोत है। हम सभी को मिलकर मां कर्मा के विचारों और उनके द्वारा दिखाए गए सद्भाव, सेवा और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए। यह डाक टिकट हमारे गौरवशाली इतिहास और समाज के उत्थान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भक्त माता कर्मा जी की जयंती एवं डाक टिकट अनावरण के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय,उप-मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय , प्रदेश महामंत्री एवं धमतरी महापौर श्री जगदीश रोहरा जी, विधायक श्री मोतीलाल साहू ,टहल साहू , श्री रोहित साहू , श्री संदीप साहू ,श्री दीपक साहू पूर्व सांसद श्री लखन लाल साहू जी, श्री चंदू लाल साहू जी, पूर्व विधायक श्री खिलावन साहू जी सहित साहू समाज के जनप्रतिनिधि, नेतागण और नागरिक मौजूद रहे।





# एक गांव, 20 दिन में 15 ने की आत्महत्या की कोशिश, तीन की मौत, सरकारी शिविर लगा, गांव में पूजा-पाठ

हरिभूमि फॉलोअप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

गरियाबंद के ग्राम इंदागांव में बीते 20 दिनों में 15 लोगों द्वारा आत्महत्या की कोशिश और इसमें 3 की मौत ने प्रशासन को सकते में डाल दिया है। मंगलवार को जिला प्रशासन एवं चिकित्सकों की टीम ने गांव पहुंचकर लोगों की काउंसिलिंग की। यह जानने का प्रयास किया कि किस वजह से डिप्रेशन में हैं गांव के लोग? दूसरी ओर गांव में हो रहे अनिष्ट से रक्षा के लिए ग्रामीणों ने पूजा-पाठ भी लगातार जारी रखी है। मंगलवार दोपहर 3 बजे गरियाबंद जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी घांसीराम मरकाम ग्राम इंदागांव पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गांव में रोजगार मूलक कार्य तत्काल प्रारंभ करवाने की बात कही है। साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने ▶▶| शेष पेज 5 पर

## डिप्रेशन में क्यों हैं ग्रामीण, पूछताछ कर ली जा रही जानकारी

### देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर रहे ग्रामीण

ग्राम इंदागांव में आत्महत्या की कोशिश का मामला हर दिन किसी न किसी के घर से सामने आ रहा है। प्रशासनिक प्रयास को नाकाफी मान ग्रामीण, गांव के देवी के शरण में भी पहुंच गए हैं और लगातार ग्रामीणों के द्वारा गांव में सुख शांति के लिए पूजा अर्चना का दौर प्रारंभ ▶▶| शेष पेज 5 पर





### हर व्यक्ति से चर्चा कर रहे चिकित्साधिकारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए गरियाबंद जिला मुख्यालय से डॉक्टरों की टीम ने गांव में शिविर लगाया है। इसमें वे एक एक लोगों से अलग अलग बात कर उनका उपचार करने में लगे हुए हैं। एसडीएम मैनपुर पंकज ▶▶| शेष पेज 5 पर

### क्या कहते हैं एसडीओपी

मैनपुर एसडीओपी पुलिस विकास पाटले ने बताया कि मामले की जानकारी लगते ही ग्राम इंदागांव मे ग्रामीणों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को सुना गया है। आत्महत्या करने की कोशिश करते कई लोगों को ग्रामीणों ने बचाया है। जिसके अलग अलग कारण हैं, उन्होंने बताया कि आत्महत्या करने से तीन लोगों की इंदागांव मे मौत हो चुकी है।

### सबसे राय ली जा रही

मैनपुर एसडीएम पंकज डाहिरे ने बताया गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार शिविर लगाकर मनोरोग चिकित्सक के द्वारा प्रत्येक व्यक्ति से अलग अलग उनकी राय ले रही है। इंदागांव में अभी स्थिति ठीक है।

## खबर संक्षेप

### एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति का कार्यकाल बढ़ा



**नई दिल्ली।** एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति का कार्यकाल मानसून सत्र तक बढ़ा दिया गया है। समिति देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार करेगी। इस संयुक्त समिति के अध्यक्ष और भाजपा के सांसद पीपी चौधरी ने समिति का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव लोकसभा में रखा। इसे सदन ने ध्वनमति से मंजूरी दी।

### छात्रा की पिटाई के आरोप में शिक्षिका पर केस दर्ज



**मुंबई।** मुंबई के एक स्कूल में पांचवी कक्षा की 11 वर्षीय एक छात्रा की पिटाई करने के आरोप में शिक्षिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह घटना 21 मार्च को चेंबूर इलाके के एक स्कूल में हुई, जहां शिक्षिका ने छात्रा को कक्षा में बात करने के आरोप में बेंत से उसकी कलाई, पीठ और कमर पर कई बार मारा जिससे उसे चोटें आईं।

### बाइक पेड़ से टकराई तीन की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में मंगलवार को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के पेड़ से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक रोहित महादु चाबुक्सवार (24), शुभम रमेश चाबुक्सवार (25) और सोनू सुपडु उसारे (23) छत्रपति संभाजीनगर के सिल्लोड तालुका निवासी थे। चिखली-जाफराबाद सड़क पर भोकरवाड़ी के पास दोपहर को यह घटना हुई।

### मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग, यूपी अव्वल



**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि 2024 में मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की सबसे अधिक 33 शिकायतें उत्तर प्रदेश में आयीं जबकि बिहार में इस तरह की 17, राजस्थान में 15 और मध्यप्रदेश में 12 शिकायतें मिलीं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी।

## दंतेवाड़ा, बीजापुर सरहद पर मुठभेड़, इंसास, थ्री नॉट थ्री रायफल सहित विस्फोटक बरामद

# निशाने पर अब बड़े नक्सली, दो साथियों के साथ मारा गया 25 लाख ईनामी मुरली

*दो जिले की सरहदी क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुई मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी व बस्तर फाइटर की टीम ने तीन कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में तेलगांना वारंगल निवासी 25 लाख का ईनामी मोस्ट वाटेंड नक्सली डीकेएसजेडसीएम सुधीर उर्फ सुधाकर उर्फ मुरली भी शामिल है।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दंतेवाड़ा**

मुठभेड़स्थल से पुलिस ने इंसास, थ्री नॉट थ्री रायफल समेत बड़ी संख्या में विस्फोटक व नक्सली सामग्री बरामद की है। मुठभेड़ में ढेर दो नक्सलियों पर 2-2 लाख का ईनाम घोषित था। इनमें एसजेडसीएम मेंबर पण्डरू अतरा व मन्नू बारसा शामिल है। आईजी सुंदरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप व एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय ने मुठभेड़ की जानकारी देते हुए बताया ▶▶| शेष पेज 5 पर

- 83 दिन में 100 नक्सलियों को मारने का आंकड़ा हुआ पूरा



### 83 दिन में 100 वर्दीधारी नक्सली ढेर

आइजी सुंदरराज पी ने बताया कि सरकार के मंशा के अनुसार और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बसतर फाइटर्स, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ व तैनात अन्य सुरक्षाबलों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। यही वजह है कि वर्ष 2025 में बस्तर संभाग में सुरक्षा बलों ▶▶| शेष पेज 5 पर

### लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे सुरक्षा बल के जवान : सीएम

मंगलवार को हुई मुठभेड़ के बाद सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कहा नक्सलवाद पर करारा प्रहार जारी है। दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ आज जारी मुठभेड़ में अब तक 3 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। जवानों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 लाख के ईनामी नक्सली सुधीर को ढेर किया है, यह हमारी डबल इंजन की सरकार और सुरक्षाबलों की बहादुरी का परिणाम है कि वर्ष 2025 में ही बस्तर रेंज में हुए विभिन्न मुठभेड़ों में अब तक 100 नक्सली मारे गए हैं। सीएम साय ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के ▶▶| शेष पेज 5 पर

## हरिभूमि ने किया था खुलासा

# जांच के बाद सुपरवाइजर और श्रमिकों पर गिरी गाज



खबर का असर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई**

दुर्ग जिले के कोड़िया संग्रहण केंद्र में धान को फैलाकर मिट्टी मिलाए जाने के मामले में सुपरवाइजर और नौ ठेका श्रमिकों को हटा दिया गया है। बता दें कि हरिभूमि ने इस पूरे मामले का खुलासा किया था। इसके बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर खाद्य विभाग और तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। जांच के बाद प्रारंभिक रूप से लापरवाही सामने आने के बाद सुपरवाइजर जयकिशन वर्मा, ठेका श्रमिक बोहरन कोसरे, पोसेंद्र कुमार, जगदीश यादव, पीयूष याादव, पदुम बारले सहित तीन महिला ▶▶| शेष पेज 5 पर

### तीन सदस्यीय अधिकारियों की जांच रिपोर्ट

खाद्य विभाग और तहसीलदार की जांच धान संग्रहण केन्द्र प्रभारी दीपक कन्नौजे की उपस्थित में की गई। इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर आपरेटर आशीष मिश्रा, कार्यालय सहायक तोरन सिंह वर्मा, सुपरवाइजरर जयकिशन वर्मा मौके पर उपस्थित थे। बताया गया कि संग्रहण केन्द्र में जांच दिनांक को धान मोटा 74275.21 क्विंटल, धान पतला 27238.60 क्विंटल एवं धान सरना 677701.24 क्विंटल कुल योग 779215.05 क्विंटल होना प्रदर्शित पाया गया। जानकारी ▶▶| शेष पेज 5 पर

## शिव महापुराण कथा में सीएम साय...





**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को मयाली में मधेश्वर महादेव के समीप आयोजित शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। उन्होंने कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को मधेश्वर महादेव का छायाचित्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया और उनसे प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना 27 मार्च से पुन: प्रारम्भ की जा रही है।

## दुर्ग प्रवास पर थे मंत्री

# मंत्री के काफिले की गाड़ियां टकराईं, विधायक थे सवार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई**

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल दुर्ग जिले के प्रवास पर मंगलवार पर थे। अचानक उनके काफिले में दो विधायक और पूर्व विधायक की वाहन आपस में टकराए गई। मिली जानकारी के मुताबिक हादसा जिला अस्पताल और सीएम मेडिकल कॉलेज के दौरे के दौरान हुआ है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### तीन वाहन आपस में टकराए

खबरों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों ही वाहनों के आगे और पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद कुछ मिनट तक स्वास्थ्य मंत्री का काफिला रुका और फिर सभी वाहन लेकर आगे चल गए और शास्त्री अस्पताल सुपेला निरीक्षण करने पहुंचे थे। वाहनों की रफ्तार कम होने से बड़ा हादसा होने से बच गया, नहीं तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## भारी मात्रा में कैश की बरामदगी मामले में जांच शुरू

आधे घंटे की आवास में जांच

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ जांच शुरू घर पहुंची सुप्रीम कोर्ट की टीम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक समिति ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज के घर पर कथित तौर पर भारी मात्रा में कैश की बरामदगी मामले में जांच शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त आंतरिक समिति के तीन सदस्यों की टीम जांच के लिए पहुंची। मिली जानकारी के मुताबिक, तीनों सदस्य की टीम में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक ▶▶| शेष पेज 5 पर



### फायर डिपार्टमेंट से भी होगी पूछताछ

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा इन दिनों सुर्खियों में बने हुए है, जब से उनके दिल्ली स्थित आवास में आग लगी और आग बुझाने के दौरान दमकल और पुलिस को बड़े पैमाने पर अधजले नोट बरामद किए गए। ऐसे में जांच टीम फायर डिपार्टमेंट से भी पूछताछ करेगी।

### इलाहाबाद में वकीलों ने शुरू की हड़ताल

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाई कोर्ट में प्रस्तावित तबादले के विरोध में मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। हाईकोर्ट के गेट नंबर-3 पर जुटे हड़ताली वकीलों का नेतृत्व कर रहे हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने पत्रकारों से कहा, यह विरोध किसी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### लोकसभा में गूंजा मुद्दा

लोकसभा में मंगलवार को शून्यकाल में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर बड़ी तादाद में मिली नकदी मामले की गूंज सुनाई दी। करीब 15 मिनट के स्थगन के बाद जैसे ही दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही का आगाज हुआ।




*हाईकोर्ट ने गृहमंत्रालय को दिया समय, इस मामले में 21 अप्रैल को होगी सुनवाई*

# राहुल की दोहरी नागरिकता पर केंद्र को देनी होगी 4 हफ्ते में जानकारी

एजेंसी ▶▶| इलाहाबाद



इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मुद्दे पर जानकारी पेश करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को चार हफ्ते का समय दिया है। आरोप है कि राहुल गांधी के पास ब्रिटेन की नागरिकता है और यह सवाल कई वर्षों से चर्चा में हैं। इसी मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस मामले में हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। न्यायमूर्ति ए आर मसूदी और न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव-प्रथम की खंडपीठ ने यह आदेश कर्नाटक के सामाजिक कार्यकर्ता एस विगनेश शिशिर की याचिका पर दिया। याची ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में सीबीआई जांच की मांग भी की थी। इससे पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को राहुल गांधी की नागरिकता मामले में कार्रवाई का ब्योरा पेश करने के लिए 24 मार्च तक का समय दिया था। पहले, कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन पर क्या कार्रवाई की गई है।

## सैनिकों पर टिप्पणी के मामले में 29 अप्रैल को सुनवाई

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सैनिकों पर विवादास्पद टिप्पणी करने के मामले में आरोपी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की ओर से कोर्ट में उनके वकील ने वकालतनामा लगाया। एमपी- एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख तय की है। बताते चलें, सीमा सड़क संगठन के सेवानिवृत्त निदेशक (भारतीय सेना में कर्नल के पद के समकक्ष) उदय शंकर श्रीवास्तव की ओर से वकील ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था।

*भारतीय सेना ने बताया अफवाह हैकिंग के दावे को किया खारिज*

# सोशल मीडिया पर मचा हल्ला, चीन ने हैक किया हिन्दुस्तान का एयरक्रॉफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




भारतीय सेना ने उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि उसके रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (RPA) को चीन ने हैक कर लिया। सेना ने इस तरह की भ्रामक खबरों से बचने की अपील की है और कहा है कि उनकी सभी संपत्तियां पूरी तरह सुरक्षित हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय सेना का एक आरपीए कंट्रोल खोकर चीन की सीमा में चला गया और वहां उसे चीन ने हैक कर लिया। इस पोस्ट के आधार पर कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में भी इस घटना का जिक्र किया गया था। हालांकि, सेना के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि यह खबर पूरी तरह 'निराधार और गलत' है। सेना ने कहा कि ऐसी कोई भी घटना नहीं हुई है और इस तरह की अफवाहों से जनता में बेवजह डर और गलतफहमी फैल सकती है। सेना ने मीडिया और सोशल मीडिया यूजर्स से अपील की कि वे बिना पुष्टि किए किसी भी खबर को न फैलाएं। सेना की ओर से कहा गया कि वे अपने सभी उपकरणों और संचालन की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें

इससे पहले भी कई बार सोशल मीडिया पर भारत-चीन सीमा से जुड़ी भ्रामक खबरें वायरल होती रही हैं, जिन्हें बाद में सरकार और सेना द्वारा खंडित किया गया। सेना का कहना है कि बिना पुष्टि की गई खबरें न केवल भ्रम पैदा करती हैं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मामलों में गलतफहमी भी पैदा कर सकती हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पोस्ट पर दावा किया गया कि भारतीय सेना का रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) पूर्वी थिएटर में चीनी क्षेत्र में घुस गया। इसके बाद चीन की पीपल लिबरेशन आर्मी ने उसे हैक कर लिया।

## खबर संक्षेप

### दिल्लीः एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख करोड़ रुपये का बजट मंगलवार को पेश किया जिसमें बिजली, सड़क, पानी और संपर्क सहित 10 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। गुप्ता ने इसे 'ऐतिहासिक बजट' करार दते हुए इस बात पर जोर दिया कि 'भ्रष्टाचार और अक्षमता' का दौर अब समाप्त हो गया है, क्योंकि सरकार ने पूंजीगत व्यय को दोगुना कर 28,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट परिव्यय पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 31.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्त मंत्री का भी कार्यभार संभाल रही गुप्ता ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा, ' यह कोई साधारण बजट नहीं है, यह बजट पिछले 10 वर्षों में बर्बाद हुई दिल्ली के विकास की दिशा में पहला कदम है। पिछले एक दशक में दिल्ली विकास के हर पहलू में पिछड़ती चली गई। पिछली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी की आर्थिक स्थिति को बर्बाद कर दिया।' बजट में मुख्य तौर पर यमुना नदी की सफाई और पुनरुद्धार पर ध्यान दिया गया जो 'साबरमती रिवर फ्रंट' परियोजना से प्रेरित है।

## पैरोडी सांग विवाद

### कॉमेडियन कामरा के घर पहुंची खार पुलिस, दिया समन

# शिंदे का मजाक उड़ाने पर कुणाल की थाने में होगी पेशी

*महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम लिए बिना सुनाई गई पैरोडी को लेकर स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा मुश्किल में पड़ गए हैं। कामरा की टिप्पणी को लेकर शिवसेना का शिंदे गुट विरोध कर रहा है, वहीं सरकार और पुलिस प्रशासन ने भी उनपर नकेल कसी है। इस मामले में उन्हें मुंबई की खार पुलिस ने समन भेजा है।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पहले एमआईडीसी पुलिस ने कुणाल के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की थी, जिसे आगे जांच के लिए खार पुलिस को ट्रांसफर किया गया था। कुणाल फिलहाल मुंबई में नहीं है, इसीलिए समन कुणाल के पिता को हैंडओवर किया गया है पूछताछ के लिए जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए कहा है। पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या कुणाल कामरा ने एकनाथ शिंदे का मजाक उड़ाने के लिए किसी साजिश के तहत पैसे लिए थे या किसी राजनीतिक दल ने उन्हें इसके लिए उकसाया था। इधर, कामरा ने पुलिस पुलिस से पेश होने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा है।

### कामरा ने पेश होने के लिए मांगा एक हफ्ते का समय



### ये है मामला

कामरा ने फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक गाने की पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को बिना नाम लिए गद्दार कहा गया। उन्होंने गाने के जरिए शिवसेना और एनसीपी में विभाजन को लेकर भी मजाकिया लहजे में कमेंट किया था। सोमवार को तोड़फोड़ के बाद कामरा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट पर माफी से इंकार किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि कॉमेडियन के शब्दों के लिए किसी वेन्यू पर हमला करना उतना ही बेलकूफी भरा है जितना कि टमाटर ले जा रहे ट्रक को पलटना, क्योंकि आपको परोसा गया बटर चिकन पसंद नहीं आया।

### नया वीडियो जारी कर फिर शिवसेना पर कसा तंज

कामरा ने सोमवार की तोड़फोड़ के बाद एक बार फिर शिवसेना पर तंज कसा है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में कामरा कह रहे हैं कि विकसित भारत का नया एंथम सुनिए। इसके बाद वे एक गाना गाते हैं। उनके इस वीडियो में शिवसेना कार्यकर्ताओं को हैबिटेट कॉमेडी क्लब में तोड़फोड़ करते हुए दिखाया गया है। कुणाल कामरा वीडियो में गाना गा रहे हैं कि हम होंगे कंगाल एक दिन, मन में है अंधविश्वास, देश का सत्यानाश। होंगे नंगे चारों ओर, करेंगे दंगे चारों ओर पुलिस के पंगे चारों ओर, एक दिन, मन में नाथूराम, हरकत आसाराम, हम होंगे कंगाल एक दिन। कुणाल गाते हैं कि होगा गाय का प्रचार, लेकर हाथों में हथियार, होगा संघ का शिष्टाचार एक दिन। जनता बेरोजगार, गरीबी की कगार, हम होंगे कंगाल एक दिन।

### यह सुपारी लेने जैसा : शिंदे

विवाद के बीच महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा- व्यंग्य गलत नहीं है, लेकिन इसकी भी एक मर्यादा होती है। कुणाल कामरा ने जो किया, ऐसा लगता है कि उन्होंने सुपारी लेकर ऐसा किया है। कटाक्ष करते समय एक शिष्टाचार बनाए रखा जाना चाहिए, वर्ना एक्शन का रिएक्शन भी होता है।

### इधर, शिंदे सेना की धमकी माफी न मांगने पर अपनी स्टाइल में देंगे जवाब

महाराष्ट्र के मंत्री गुलाब रघुनाथ पाटिल ने चेतावनी दी कि अगर कुणाल कामरा माफी नहीं मांगते हैं, तो हम उनसे अपने अंदाज में बात करेंगे।" गुलाब रघुनाथ ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, शिवसेना उन्हें नहीं छोड़ेगी। हम यह अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर वह माफी नहीं मांगते हैं, तो कभी तो बाहर आएगा न, कहां छिपेगा? उसे शिवसेना अपना असली रूप दिखाएगी।

# दिशा केस में आदित्य ठाकरे के खिलाफ नई एफआईआर




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान मौत मामले में शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे की मुश्किलें काफी बढ़ सकती हैं। खबर आ रही है कि दिशा के पिता सतीश सालियान ने हाल ही में मुंबई पुलिस से मुलाकात की है और उन्होंने आदित्य ठाकरे समेत कई नामी बॉलीवुड हस्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। सतीश के वकील ने बताया कि मंगलवार को एक नई एफआईआर फाइल करने की बात कही है। सालियान के वकील ने बताया कि बॉम्बे हाई कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार, लिखित शिकायत को एफआईआर माना जाना चाहिए और इसी आधार पर उन्होंने आदित्य ठाकरे, अभिनेता सूरज पंचोली और डिनो मोरिया और आदित्य ठाकरे के बॉडीगार्ड के खिलाफ गैंगरेप और हत्या की एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने आगे ये भी कहा कि इस मामले में आदित्य ठाकरे मुख्य आरोपी हैं। उद्धव ठाकरे, पूर्व मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह और निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे ने इस मामले को दबाने का काम किया था।

### 2020 में हुई थी दिशा सालियान की मौत

दिशा सालियान केस एक हाई-प्रोफाइल और विवादास्पद मामला है। 8 जून 2020 को उनकी रहस्यमयी मौत हुई थी। उनकी हत्या हुई थी या मौत, यह रहस्य है। दिशा सालियान एक सेलिब्रिटी मैनेजर थीं। वह बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर रह चुकी थीं। उनकी मृत्यु मुंबई के मलाड इलाके में एक हाई-राइज बिल्डिंग से गिरने के कारण हुई थी। दिशा गिरी थीं या गिराई गई थीं, यह एक पहेली है।

### सरकार का एजेंडा संसद में व्यवधान पैदा करना



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि ऐसा पहली बार है कि सरकार का एजेंडा संसद की कार्यवाही में व्यवधान पैदा करने का दिख रहा है। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' संबंधी संसदीय समिति की बैठक के बाद संसद परिसर में कहा कि विपक्ष जिन विषयों पर चर्चा चाहता है, उन पर कभी चर्चा नहीं होगी। लोकसभा सदस्य ने कहा, 'हम जिन विषयों पर चर्चा चाहते हैं, उन पर कभी चर्चा नहीं होती।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। |
| वृष | आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। |
| मिथुन | आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। |
| कर्क | आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा। |
| सिंह | मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। |
| कन्या | परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा। |
| तुला | आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं। |
| वृश्चिक | धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। |
| धनु | वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे। |
| मकर | दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। |
| कुंभ | क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। |
| मीन | नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें। |

## गृहमंत्री शाह का कश्मीर पर ऐलान

# हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के दो गुटों ने छोड़ दिया अलगाववाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर में लंबे समय तक अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के दो गुटों ने अलग राह अपना ली है। होम मिनिस्टर अमित शाह ने मंगलवार को ऐलान किया कि हुर्रियत के दो गुटों 'जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट' और 'डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट' ने अलगाववाद से नाता तोड़ लिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में विकास हो रहा है और यह काम सभी को साथ लेकर किया जा रहा है। इससे अलगाववादी गतिविधियों में कमी आई है। गृह मंत्री ने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि अलगाववाद अब कश्मीर में इतिहास की बात हो रहा है। मोदी सरकार की एकीकरण की नीतियों से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो रहा है।

### इन समूहों पर सरकार का स्टैंड

इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में केंद्र सरकार ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो समूहों को बैन किया था। सरकार का कहना है कि ये समूह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। इनके चलते जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद बढ़ रहा है और आतंकवादियों को भी मदद मिल रही है। इन संगठनों में मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाला संगठन अवामी ऐक्शन कमेटी और जम्मू-कश्मीर इत्तेहादुल मुसलमीन शामिल है। इत्तेहादुल का नेतृत्व मोहम्मब अब्बास अंसारी करते हैं।

### 'आपदा प्रबंधन में वैश्विक ताकत बनकर उभरा भारत'

आपदा प्रबंधन में आर्थिक सहायता देने में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में दावा किया कि पिछले दस साल में भारत आपदा प्रबंधन के मामले में राष्ट्रीय ही नहीं क्षेत्रीय एवं वैश्विक ताकत बनकर उभरा है तथा इसे दुनिया भी यह स्वीकार कर रही है। उच्च सदन में शाह ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इसमें सत्ता के केंद्रीयकरण का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के बारे में इस विधेयक में न केवल प्रतिक्रियात्मक रवैया अपनाने बल्कि पहले से तैयारी करने, अभिनव प्रयासों वाले और सभी की भागीदारी वाले रवैये को अपनाने पर जोर दिया गया है। गृह मंत्री के जवाब के उच्च सदन ने सरकारी संशोधनों के साथ इस विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

### 'पीएम केयर्स फंड' संप्रग के प्रधानमंत्री राहत कोष से अधिक पारदर्शी : शाह

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के प्रबंधन को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि उसमें जवाबदेही एवं पारदर्शिता की कमी थी। उच्च सदन में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष संप्रग के दौर में बनाया गया था, जबकि 'पीएम-केयर्स फंड' की स्थापना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के दौरान की गई थी। गृह मंत्री ने कहा, 'कांग्रेस के शासन में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष पर सिर्फ एक परिवार का नियंत्रण था। कांग्रेस अध्यक्ष प्रधानमंत्री राहत कोष के सदस्य होते थे। आप इस देश के लोगों को क्या जवाब देंगे?' उन्होंने आरोप लगाया कि संप्रग शासन में राजीव गांधी फाउंडेशन को प्रधानमंत्री राहत कोष से धन दिया गया। उन्होंने कहा, 'उनके समय में कोई पारदर्शिता नहीं थी।

# एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिल्ली प्रभारी के खिलाफ गैर जमानती धाराओं पर मामला दर्ज

- संसद घेराव के बाद दिल्ली पुलिस का एक्शन
- गिरफ्तारी के 24 घंटे बाद हुई जमानत पर हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी व दिल्ली प्रभारी हनी बग्गा की रिहाई




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में एनएसयूआई द्वारा सोमवार को देशभर से आए हजारों एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के जंतर मंतर में 'संसद घेराव' आंदोलन किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में यह आंदोलन रखा गया था इस आंदोलन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं दिल्ली प्रभारी हनी बग्गा के ऊपर दिल्ली पुलिस द्वारा गैर जमानती धाराएं लगाकर एफआईआर दर्ज किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं दिल्ली प्रभारी बग्गा को पुलिस द्वारा सोमवार रात ही गिरफ्तार कर लिया गया था और मंगलवार को उनकी जमानत हुई। बता दें, एनएसयूआई द्वारा शिक्षा से जुड़े पांच मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया गया था।

### नहीं झुकेंगे मुकदमें से

राष्ट्रीय सचिव दिल्ली प्रभारी हनी बग्गा ने रिहाई के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार छात्रों के साथ अन्याय कर रही है, उन्हें शिक्षा से वंचित करने का कार्य केंद्रीय की सरकार कर रही है। हजारों छात्रों की संख्या देखकर केंद्र की सरकार और दिल्ली पुलिस दर चुकी है जिस कारण दिल्ली पुलिस ने हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और मेरे ऊपर गैर जमानती धारा लगाकर हमारे आवास को कुचलना का कार्य किया है। पर हम केंद्र की सरकार एवं दिल्ली पुलिस को यह बोलना चाहते हैं कि कितने भी मुकदमे दर्ज करने हैं कर लीजिए पर यह आंदोलन और यह आवाज नहीं रुकेगी आने वाले समय में हम और उग्र तरीके के साथ केंद्र सरकार को गिरने का कार्य

## शब्द पहेली - 5816



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीडा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 5815 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | ■ | व | स | ■ | धा | गा | ■ | ह | रा |
| व | ह | म | ■ | ब | म | ■ | ना | ला | ■ | ह |
| ■ | न | ग | न | ■ | जा | न | ■ | र | गा | ■ |
| ना | ■ | ता | क | त | ■ | शा | न | ■ | ता | त |
| क | गी | ■ | ल | ल | ना | ■ | म | न | ■ | न |
| ■ | न | ख | ■ | वा | च | क | ■ | ल | क्ष | ■ |
| स | ■ | र | वा | ■ | ना | म | क | ■ | मा | दा |
| खा | द | ■ | त | र | ■ | र | ह | ब | ■ | म |
| ■ | म | स्त | ■ | मा | न | ■ | पा | ह | क | ■ |
| दा | ■ | र | स | ■ | या | र | ■ | र | व | ना |
| स | दा | ■ | च | क्षु | ■ | न | भ | ■ | रा | ल |

## सूडोकु नवताल - 5826

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5825 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




### बड़े बांधों में ऐसा है जलभराव

| बांध | 2025 | 2024 | 2023 |
|---|---|---|---|
| मिनीमाता बांगो | 42.86 | 58.95 | 71.02 |
| रविशंकर सागर | 56.09 | 74.79 | 56.72 |
| तांदुला | 46.74 | 41.32 | 75.22 |
| दुधावा | 46.35 | 80.18 | 18.28 |
| सिकासार | 41.32 | 67.47 | 66.77 |
| खारंग | 57.28 | 65.069 | 91.19 |
| सोंढुर | 56.08 | 74.87 | 39.65 |
| मुरुमसिल्ली | 24.75 | 72.56 | 10.30 |
| कोडार | 19.62 | 31.99 | 32.21 |
| मनियारी | 63.68 | 50.68 | 81.97 |
| केलो | 41.49 | 70.59 | 78.82 |
| अरपा-भैंसाझार | 48.94 | 71.11 | 39.88 |

# बारिश के आखिरी दिनों में सूखा, इसलिए बांधों का पेट हो रहा खाली, गर्त में जा रहा भूजल

सुरेन्द्र शुक्ला ▶▶| रायपुर


हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में गर्मी की शुरुआत के साथ ही जल संकट के बादल गहराने लगे हैं। इसका सीधा असर प्रदेश के बड़े और मध्यम स्तर के बांधों पर भी पड़ रहा है। पिछले साल की तुलना में इस बार बांधों में 20 से 30 फीसदी जलभराव कम है। छोटे बांधों की स्थिति और भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। छोटे स्तर के अधिकतर बांध सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। इससे आने वाले दिनों में निस्तारी और पेयजल को लेकर संकट खड़ा हो सकता है। अधिकतर बड़े जलाशयों में बारिश में पर्याप्त जलभराव ▶▶|शेष पेज 5 पर

### जलाशयों से तालाबों को भरने पानी

बिलासपुर के खूंटाघाट बांध से पानी छोड़कर नहर किनारे के 211 तालाब भरे गए हैं, इस पानी का इस्तेमाल सिर्फ निस्तारी के लिए किया जाएगा। वहीं अन्य बांधों से भी पानी छोड़ने के निर्देश जारी किए गए हैं। बांगों, गंगरेल, ▶▶|शेष पेज 5 पर

## बांधों में पिछले साल के मुकाबले 20 से 30 फीसदी कम पानी



### बांधों में 45.69 फीसदी जल भराव

प्रदेश में 12 बड़े और 34 मध्यम स्तर के बांध है। इन बांधों में 45.69 फीसदी जल भराव की स्थिति है। वर्तमान में गंगरेल में 56.09 प्रतिशत ही जलभराव है, जबकि 2024 में यह 74.79 फीसदी था। यानी इस बार 18.70 फीसदी जलभराव कम है। यही स्थिति मिनी माता बांगो की भी दिखाई दे रही है। यहां पिछले साल की तुलना में 17.53 फीसदी जलभराव कम है। मुरुमसिल्ली में पिछले बार की तुलना में इस बार करीब 38 फीसदी जलभराव कम हुआ है। हालांकि वर्ष 2023 की तुलना में इस बार इसकी स्थिति बहुत बेहतर है। वर्ष 2023 में यहां केवल 10.30 फीसदी ही जलभराव था।

### राजनांदगांव के तीन ब्लॉक में भूजल स्तर तेजी से गिरा

भूजल का नीचे गिरना बड़ी चुनौती है। यदि समय रहते हुए जल दोहन को रोकने का काम नहीं किया गया, तो परेशानी और भी भयानक हो सकती है। राजनांदगांव का बुरा हाल है। सेंट्रल ग्राउंड वाटर टीम के सर्वे में तीन ब्लाक सेमी क्रिटिकल जोन में रखा गया है। चौथा ब्लॉक भी अगर इसी तरीके से दोहन हुआ तो वह भी सेमी क्रिटिकल जोन में आ जाएगा। साथ ही लगभग 200 हैंड पंप सूखने की कगार पर हैं। 350 फीट नीचे लगभग भूजल स्तर गिरने ये यहां पेयजल संकट भी गहरा गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अभिनेता सोनू सूद की पत्नी हादसे में घायल



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हुए एक सड़क हादसे में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की पत्नी सोनाली और दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं। हादसा सोमवार रात करीब 10.30 बजे हुआ। सोनाली सूद अपनी बहन और भांजे के साथ जिस कार में यात्रा कर रही थीं, वह वर्धा रोड वायाडक्ट पुल पर एक ट्रक से टकरा गई।

### सर्राफा व्यवसायी से आभूषण-नकदी लूटी



**बदायूं।** बदायूं जिले के सहसवान क्षेत्र में हथियारबंद बदमाशों ने एक सर्राफा व्यवसायी से कथित रूप से छह लाख रुपए से अधिक के आभूषण और नकदी लूट ली। सर्राफा व्यवसायी चंदन माहेश्वरी दुकान बंद करके स्कूटी से अपने घर लौट रहा था, लेकिन रास्ते में तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया।

### पुलिस अफसर को अपशब्द कहा, कांस्टेबल गिरफ्तार



**जयपुर।** शहर में एक कांस्टेबल को पुलिस आयुक्त व अन्य अधिकारियों के लिए अपशब्द कहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कांस्टेबल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में अधिकारियों के लिए कथित तौर पर अपशब्द कहे थे। आरोपी कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह को कल हरजी खटीक नामक निजी व्यक्ति की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया।

### बस अड्डे पर बसों में आग, हेल्पर की मौत



**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में बस अड्डे पर खड़ी दो बसों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना वैढ़न कस्बे के बस अड्डे पर रात 12 बजकर 20 मिनट पर हुई। पहले एक बस में आग लगी जो बाद में दूसरी बस में भी फैल गई। उन्होंने कहा कि एक बस में चालक, 'कंडक्टर' और 'हेल्पर' सो रहे थे।

### फर्जी खुफिया नेटवर्क चलाने वाला ठग गिरफ्तार



**बरेली।** पुलिस ने फर्जी खुफिया संगठन का निदेशक बनकर लोगों से उसका पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज बनाने के नाम पर मोटी रकम वसूलने वाले एक कथित ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी विजय मैसी खुद को 'कोवर्ट इंटेलिजेंस नेटवर्क सोशल वेलफेयर एसोसिएशन' नामक एक फर्जी संगठन का निदेशक बताता था।

### लोकसभा ने वित्त विधेयक को दी मंजूरी, अब राज्यसभा में होगा पेश

# ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6 फीसदी डिजिटल टैक्स होगा खत्म, 35 सरकारी संशोधन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*लोकसभा में मंगलवार को फाइनेंस बिल 2025 पास हो गया। इसमें 35 सरकारी संशोधन शामिल हैं। संशोधनों में एक बड़ा बदलाव ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6% डिजिटल टैक्स हटाने का है। इससे डिजिटल मार्केटिंग, विज्ञापन एजेंसियों और ऑनलाइन कारोबार को राहत मिलेगी। केंद्रीय बजट 2025-26 के प्रस्तावों को लागू करने के लिए यह एक अहम प्रक्रिया है।*

लोकसभा ने मंगलवार को वित्त विधेयक, 2025 को 35 सरकारी संशोधनों के साथ मंजूरी दी। इसमें ऑनलाइन विज्ञापनों पर छह प्रतिशत डिजिटल कर को समाप्त करने का प्रावधान भी शामिल है। वित्त विधेयक, 2025 के पारित होने के साथ, लोकसभा ने बजटीय अनुमोदन प्रक्रिया का अपना कार्य पूरा कर लिया। उच्च सदन राज्यसभा अब इस विधेयक पर विचार करेगा। राज्यसभा से विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद 2025-26 की बजट प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

केंद्रीय बजट 2025-26 में कुल 50.65 लाख करोड़ रुपए के व्यय की परिकल्पना की गई है, जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। अगले वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित कुल पूंजीगत व्यय 11.22 लाख करोड़ रुपये और प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ रुपये है। इसमें 42.70 लाख करोड़ रुपए का सकल कर राजस्व संग्रह और 14.01 लाख करोड़ रुपए की सकल उधारी का प्रस्ताव है। बजट दस्तावेजों के अनुसार, एक अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए 5,41,850.21 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। यह चालू वित्त वर्ष के लिए 4,15,356.25 करोड़ रुपए है। वर्ष 2025-26 के लिए व्यय का बजट अनुमान कई कारणों से बढ़ गया है, जिसमें बाजार ऋण, लघु बचत और भविष्य निधि पर ब्याज के भुगतान में वृद्धि जैसे प्रावधान शामिल हैं।

### वित्त विधेयक में अन्य अहम संशोधन

- टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं किया गया
- जीएसटी से जुड़े कुछ नियमों को सरल किया गया
- घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियां लागू की गईं

### अब आगे क्या?

अब ये बिल राज्य सभा में जाएगा। संसद के दोनों सदनों से फाइनेंस बिल के पारित होने के बाद, इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने बाद, ये कानून बन जाएगा और 2025-26 के लिए बजट प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इससे आगामी वित्तीय वर्ष में कर नीति और आर्थिक सुधारों पर असर पड़ेगा।

### ऑनलाइन कारोबार को मिलेगी राहत



### 28 वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट : सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री ने फाइनेंस बिल पर चर्चा के दौरान टैरिफ को युक्तिसंगत बनाने और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 2025-26 के बजट प्रस्तावों से घोषित सीमा शुल्क के युक्तिकरण की कार्यवाही आगे बढ़ रही है। घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए, सरकार ने ईवी बैटरी के लिए 35 अतिरिक्त कैपिटल गुड्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के लिए 28 वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट दी है। अब बजट को लोकसभा ने मंजूरी दे दी है, इसे राज्य सभा में चर्चा के लिए रखा जाएगा।

### मानसून सत्र में आ सकता है आयकर विधेयक

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि नया आयकर विधेयक संसद के आगामी मानसून सत्र में चर्चा के लिए लाया जा सकता है। उन्होंने सदन में वित्त विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। सीतारमण ने इस बात का उल्लेख किया कि 'आयकर विधेयक, 2025' पर प्रवर समिति विचार कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधेयक को संसद के आगामी मानसून सत्र में चर्चा के लिए लाया जा सकता है। वित्त मंत्री ने गत 13 फरवरी को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया था और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का अनुरोध किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस विधेयक पर विचार करने के लिए 14 फरवरी को 31 सदस्यीय प्रवर समिति का गठन किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बैजयंत पांडा को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। विधेयक, जो आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा, का उद्देश्य भारत की कर प्रणाली को सरल और आधुनिक बनाना है। यह कानूनी भाषा को भी सरल बनाएगा, ताकि करदाता प्रावधानों को आसानी से समझ सकें। विधेयक के अंतर्गत नये कर नहीं लगाए जाएंगे। इसके बजाय, यह विधेयक कर कानूनों को सरल बनाने, कानूनी जटिलताओं को कम करने और करदाताओं के लिए अनुपालन को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

# अब तीन साल में बदल जाएंगे रेलवे के अफसर

- यातायात व वाणिज्यिक विभाग के संवेदनशील पदों की पहचान की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेलवे बोर्ड ने सभी 17 रेलवे जोन में यातायात परिवहन और वाणिज्यिक विभाग के कुछ राजपत्रित और अराजपत्रित पदों की पहचान की है। उनके कार्यकाल को तीन साल तक सीमित कर दिया है। बोर्ड ने हाल ही में रेलवे जोन के सभी महाप्रबंधकों को संबोधित एक परिपत्र में कहा, पीसीओएम (प्रमुख वाणिज्यिक परिचालन प्रबंधक) के सचिव और पीसीसीएम (प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक) के काम की प्रकृति संवेदनशील है और इन पदों पर तैनात अधिकारियों की निष्ठा बेदाग होनी चाहिए। इसमें कहा गया है, ऐसे अधिकारियों का कुल कार्यकाल तीन साल तक सीमित होना चाहिए। बोर्ड ने पीसीओएम के यातायात निरीक्षक और पीसीसीएम के वाणिज्यिक निरीक्षक के रूप में (औपचारिक या अनौपचारिक रूप से) काम करने वाले अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए नियमित आवर्तन (रोटेशन) का निर्देश दिया, क्योंकि ऐसे अधिकारी महत्वपूर्ण मामलों में सहायता करते हैं।

### रोटेट करने का आदेश

परिपत्र में कहा गया है, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के यातायात निरीक्षक और डीआरडीसीएम (वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक) के वाणिज्यिक निरीक्षक के रूप में (औपचारिक या अनौपचारिक रूप से) काम करने वाले गैर-राजपत्रित कर्मचारियों को भी रोटेट किया जाना चाहिए। कार्यकाल तीन साल तक सीमित होना चाहिए।

### 30 अप्रैल तक होगा बदलाव

पत्र में कहा गया है कि वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के निजी सचिव और वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक के निजी सचिव के रूप में तैनात कर्मचारियों को भी रोटेट किया जाना चाहिए। बोर्ड ने क्षेत्रीय रेलवे से 30 अप्रैल, 2025 तक आवश्यक बदलाव करने का आग्रह किया है।

### देशभर में होगा लाइव प्रसारण

# अयोध्या में राम नवमी पर होगा रामलला का सूर्य तिलक

अगले माह 6 अप्रैल को है रामनवमी

मंदिर के चारों द्वारों के नामों का हो सकता है ऐलान



एजेंसी ▶▶| अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर को लेकर महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। राम मंदिर में चलने वाले सभी कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण हो जाएंगे। हालांकि ऑडिटोरियम का कार्य 2025 के बाद पूरा होगा। इसके अलावा कल की बैठक में भगवान राम के सूर्य तिलक को लेकर चर्चा हुई।

रामनवमी पर भगवान सूर्य स्थाई तौर पर रामलला का सूर्य तिलक करेंगे। आगामी 20 वर्षों तक भगवान राम लला का राम जन्मोत्सव पर भगवान सूर्य सूर्य तिलक करेंगे। भगवान राम के सूर्य तिलक का कार्यक्रम देश और विदेश में प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा राम मंदिर के बनाए जा रहे चारों द्वार के नाम का रामनवमी के मौके पर चंपत राय घोषणा कर सकते हैं। राम मंदिर आंदोलन के महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महापुरुषों के नाम पर राम मंदिर के चारों द्वार का नाम होगा। आवश्यकता पड़ने पर रामनवमी के समय कैनोपी और मैट का अस्थाई तौर पर राम मंदिर ट्रस्ट व्यवस्था करेगा। इससे श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिल सकेगी। बता दें अगले माह 6 अप्रैल को रामनवमी है।

### प्रथम तल पर होगी राम दरबार की स्थापना

*यह भी बताया गया कि प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना होगी। मई माह के शुरुआती 15 दिन के अंदर शुभ मुहूर्त में स्थापित होंगे। राम दरबार के दर्शन के लिए पास बनाया जाएगा। 1 घंटे में 50 लोगों को राम दरबार में दर्शन का पास जारी किया जाएगा। लगभग 800 लोग राम दरबार का प्रतिदिन दर्शन कर सकेंगे। श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा, 'साल 2025 में मंदिर और मंदिर परिसर के जो भी निर्माण कार्य, निर्माण समिति की जिम्मेदारी है, उसको पूर्ण करने का लक्ष्य है। सभी भवन जो निर्माणाधीन हैं, वह अपने अंतिम चरण में हैं. मंदिर का निर्माण, जिसमें शिखर भी सम्मिलित है। बता दें कि, अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र है, यहां हर दिन बड़ी तादाद में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।*

### हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# 2006 से पहले रिटायर्ड कर्मियों को छठवें वेतन आयोग के तहत पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

- छत्तीसगढ़ शासकीय महाविद्यालयीन पेंशनर्स संघ ने दायर की थी याचिका

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों को छठे वेतन आयोग योजना के तहत 2006 से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पेंशन लाभ का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। यह फैसला जस्टिस राकेश मोहन पांडे ने छत्तीसगढ़ शासकीय महाविद्यालयीन पेंशनर्स संघ बनाम ▶▶|शेष पेज 5 पर



### खजाने पर बोझ का तर्क खारिज

इसके बाद यह याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि इस तरह का वर्गीकरण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, जो कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है। छत्तीसगढ़ राज्य ने तर्क दिया कि 2006 से पूर्व सेवानिवृत्त लोगों को लाभ देने से राज्य के खजाने पर अनुचित वित्तीय बोझ पड़ेगा। छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से दलील दी कि वित्तीय बाधाओं के कारण अलग-अलग ▶▶|शेष पेज 5 पर

# शादी के 15 दिन बाद कराई पति की हत्या, मुंह दिखाई के पैसे से दी सुपारी

एजेंसी ▶▶| औरैया

मेरठ हत्याकांड को लेकर चल रहे विवाद के बीच, उत्तर प्रदेश के औरैया से भी ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां एक 25 वर्षीय शख्स की शादी के 15 दिन के भीतर उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या करा दी। कथित तौर पर दोनों ने मिलकर एक कॉन्ट्रैक्ट किलर को हायर किया, जिसने शख्स की हत्या कर दी। मुंह दिखाई के पैसे से सुपारी दी। पुलिस ने कहा कि हत्या में शामिल महिला, उसके प्रेमी और सुपारी किलर को गिरफ्तार कर लिया गया है। सहार एसएचओ पंकज ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर हायर किया हिटमैन



### सीसीटीवी से आरोपी की पहचान

पुलिस ने बताया कि आरोपी 22 वर्षीय प्रगति यादव, उसके प्रेमी अनुराग उर्फ मनोज और कॉन्ट्रैक्ट किलर रामजी चौधरी की पहचान सीसीटीवी फुटेज से की गई। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### पति की हत्या कर शव के कर दिए टुकड़े

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक महिला द्वारा अपने प्रेमी की मदद से अपने पति की चाकू घोंपकर हत्या करने की घटना के बाद ये मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बाद में दोनों ने पति के शव को टुकड़ों में काट कर सीमेंट से भरे ड्रम में छिपा दिया था। मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला जेल में हैं।

### कन्नड़ अभिनेत्री रान्या की जमानत याचिका पर सुनवाई

# सोना खरीदने के लिए हवाला के पैसे का इस्तेमाल!

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कन्नड़ अभिनेत्री और कर्नाटक के डीजीपी रैंक के आईपीएस अधिकारी की बेटी रान्या राव ने कहा है कि वह हवाला से आए पैसों से सोने की खरीद करती थीं। रान्या की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने यह बात कोर्ट को बताई है। सोना खरीदने के लिए अनौपचारिक और अवैध वित्तीय लेन-देन का रास्ता अपनाती थीं यानी हवाला के जरिए पैसे ट्रांसफर कर सोना खरीदती थी।

### दो साल में 52 बार गईं दुबई

जांच के दौरान सामने आया था कि 2023 से 2025 के बीच वे 52 बार दुबई गई थीं। डीआरआई के मुताबिक, रान्या और राजू सुबह की फ्लाइट से दुबई जाते थे और शाम को वापस आ जाते थे। इसी पैटर्न ने शक पैदा किया।




**धारा 108 के तहत नोटिस जारी:** रान्या राव की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान डीआरआई का तरफ से पेश हुईं वकील मधु राव ने कहा कि अधिकारियों ने रान्या राव के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू करने के लिए धारा 108 के तहत नोटिस जारी किया है। जांच का उद्देश्य वित्तीय अनियमितताओं की सीमा और कानून के किसी भी संभावित उल्लंघन का पता लगाना है। इस महीने की शुरुआत में बेंगलुरु एयरपोर्ट पर 14.8 किलोग्राम सोने के साथ रान्या राव की गिरफ्तारी हुई थी।

### जमानत पर कल होगा फैसला

बेंगलुरु सेशन कोर्ट ने रान्या की जमानत पर फैसला 27 मार्च तक सुरक्षित रख लिया है। रान्या राव की जमानत याचिका पर सुनवाई बेंगलुरु के 64वें सीसीएच सेशन कोर्ट में हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत आदेश सुरक्षित रख लिया। बता दें कि रान्या राव 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 14 किलो सोने (करीब 12.56 करोड़ रुपये मूल्य) के साथ गिरफ्तार हुई थीं। इसके बाद उनके घर पर भी तलाशी ली गई, जहां अधिकारियों ने 2.06 करोड़ रुपये मूल्य के गोल्ड की ज्वैलरी और 2.67 करोड़ रुपये बरामद किए थे।

### कबाड़ नीति से घटेगी कलपुर्जों की कीमतें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वाहन कबाड़ नीति से कलपुर्जों की कीमतों में 30 प्रतिशत की कमी आने की उम्मीद है। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में 'टाइम्स ड्राइव ऑटो अवार्ड्स 2025' में कहा कि ऐसे में वाहनों की कीमत में भी कमी आ सकती है, जिसका फायदा उपभोक्ताओं को मिलेगा। शहरों और राजमार्गों पर चार्जिंग अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए सरकार के विभिन्न कदमों से ईवी की मांग बढ़ेगी। गडकरी ने कहा कि कच्चे माल की कीमतों में कमी आने से ईवी की स्वीकार्यता में भी तेजी आएगी। हम कबाड़ नीति लेकर आए हैं, जिससे वाहन कलपुर्जों की कीमतों में 30 प्रतिशत की कमी आएगी।

## चिंतन

# पीओके लेने के लिए ठोस कदम उठाए भारत

पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को लेने के लिए भारत को ठोस कदम के साथ आगे बढ़ना होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने एक बार फिर से कहा है कि पाकिस्तान पीओके पर अवैध कब्जा जारी रखे हुए है, जो उसे खाली करना होगा। यूएन में पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा है। यूएन की रूटीन चर्चा में भी पाक कश्मीर पर ही अपना मुंह खोलता है। भारत ने हर दफा मुंहतोड़ जवाब दिया है। यूएनएससी में इस बार भी पीस कीपिंग चर्चा के दौरान जब पाक ने कश्मीर पर अनर्गल बात की तो, भारत ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना ही होगा। यूएन में पाक के इस तरह के बार-बार उल्लेख न तो उनके (पाकिस्तान के) अवैध दावों को मान्य करते हैं और न ही उनके राज्य प्रायोजित सीमा पार से आतंकवाद को उचित ठहराते हैं। पाकिस्तान को अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए यूएन मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। कश्मीर को लेकर पाकिस्तान ने हमेशा ही झूठ बोला है। पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, पीओके विदेशी जमीन है, वह पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। पाकिस्तान के संविधान का आर्टिकल एक कहता है कि पाकिस्तान में बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और सिंध प्रांत हैं। उसके संविधान में पीओके का कोई जिक्र नहीं है। पाकिस्तान ने संविधान में पीओके का जिक्र आर्टिकल 257 में किया है, जिसमें कहा गया है कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा तब ही होगा जब वहां के लोग हमसे जुड़ना चाहेंगे। पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 2024 की तारीख 31 मई को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में कहा था कि पीओके विदेशी जमीन है। उस वक्त कश्मीरी कवि और पत्रकार अहमद फरहद शाह की किडनैपिंग के मामले को लेकर सुनवाई चल रही थी। इस दौरान पाकिस्तान के अटार्नी जनरल ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर विदेशी जमीन है। ऐसे में पाकिस्तान को पीओके से अपने अवैध कब्जे को तत्काल हटाना चाहिए और यूएन में कश्मीर को लेकर बार-बार झूठ नहीं बोलना चाहिए। अब समय आ गया है कि केवल बातों और बयानों से भारत पीओके हासिल नहीं कर सकेगा, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक व सामरिक दबाव बढ़ाना होगा, यूएन जैसे ग्लोबल मंचों का इस्तेमाल भी पीओके के लिए करना होगा। ताकतवर देशों के साथ मजबूत संबंध के बाद अब भारत को पीओके की दिशा में सामरिक कदम पर विचार करना चाहिए। पाकिस्तान का मानना है कि पीओके के लोग जब जुड़ना चाहेंगे, तब वह उसका हिस्सा होगा। भारत को पाकिस्तान की इस संवैधानिक स्थिति का फायदा उठाना चाहिए, क्योंकि पूर्व में कई बार पीओके के लोग पाक एस्टाब्लिशमेंट के खिलाफ मुखालफत कर चुके हैं। पीओके के लोगों को भारत में मिलने के लिए जनमत के जरिये आगे आना चाहिए। पीओके में पाकिस्तान विरोधी आंदोलन भारत के लिए एक अवसर जैसा है। 1947 में जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरि सिंह ने भारत में विलय के लिए हस्ताक्षर भी किया था। यह कानूनी स्थिति भारत के पक्ष में है। कई स्थितियां हैं, जिससे भारत पीओके हासिल कर सकता है। पीछे चार बार के युद्ध के दौरान भारत ने पीओके व गिलगित बाल्टिस्तान को हासिल करने में अवसर गंवाए हैं। शांति के माहौल में वार्ता से भी भारत पीओके हासिल कर सकता है, हालांकि यह कठिन राह है।



मूल्यांकन
अरविंद जयतिलक

# उपलब्धियां कई पर चुनौतियां भी अनेक

**उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कालखंड की मीमांसा आवश्यक है। आमतौर पर एक कृषि प्रधान राज्य में सरकारों के कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो योगी सरकार के आठ वर्ष का कामकाज सराहनीय रहा है। अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी पर खरा उतरी है।**

किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के महत्व-मूल्यांकन, उपलब्धियां-चुनौतियां एवं जनता की कसौटी पर खरा उतरने-परखने के लिहाज से आठ वर्ष का समय पर्याप्त होता है। इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कालखंड की मीमांसा आवश्यक है। आमतौर पर एक कृषि प्रधान राज्य में सरकारों के कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो योगी सरकार के आठ वर्ष का कामकाज सराहनीय रहा है। 2017 में सत्ता की लगाम थामते ही सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में लघु एवं सीमांत किसानों के एक लाख रुपये तक का फसली ऋण माफ किया। इस निर्णय से 2.15 करोड़ किसान लाभान्वित हुए। आज आठ वर्ष बाद योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार ने विगत आठ वर्षों में गन्ना किसानों को 2.87 लाख करोड़ रुपये का भुगतान कर उनके चेहरे पर खुशियां ला दी हैं। गौर करें तो यह 1994 से 2016 यानि 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से भी 60 हजार करोड़ रुपये अधिक है। सफल कृषि नीति से राज्य में 23 हजार हेक्टेअर सिंचन भूमि में वृद्धि हुई है।

इसी तरह अनाज उत्पादन में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अच्छी बात यह कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को परंपरागत कृषि की जगह बाजार की मांग के अनुसार खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। गौर करें तो उत्तर प्रदेश की कृषि सूखा, बाढ़ और ओले के प्रहार से बर्बाद होती रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने किसानों को फसल बीमा योजना से आच्छादित किया है। इसके दायरें में बंटाईदारों को भी लाया है। सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को दिए जाने वाले हर चौथे महीने दो हजार रुपये का भुगतान को भी सुनिश्चित किया है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिल रही है। कृषि को मजबूती देने के लिए सरकार ने गोवंश की रक्षा के लिए कानून बनाए हैं और अवैध बुचड़खानों को बंद कराया है। कृषि उत्थान के साथ-साथ उद्योग-धंधे और कल-कारखानों का विकास होना आवश्यक है। इस दिशा में सरकार ने 2018 में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया। आंकड़ों पर गौर करें तो विगत आठ वर्षों में राज्य में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इसमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। इससे तकरीबन 60 लाख नौजवानों को रोजगार मिला है। आठ वर्षों में प्रदेश का जीएसडीपी 2017 के मुकाबले दोगुना होकर 27.51 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। 'इज ऑफ डूइंग' बिजनेस से उद्योगों एवं कल-कारखानों को नई संजीवनी मिली है। विश्व बैंक की कारोबारी सुगमता रैंकिंग में उत्तर प्रदेश 2017 में 14वें स्थान पर था, जो आज दूसरे स्थान पर है। सरकार ने राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार संवर्धन नीति-2017 लागू की जिसके परिणामस्वरूप निवेशकों को कर में छूट एवं सब्सिडी तथा जमीन आवंटन में मदद मिली है। सरकार ने राज्य में 33 सेक्टोरल पॉलिसी को धार दी है जिससे




उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास का नया धूमकेतु बनकर उभरा है। सरकार की ठोस पहल के कारण डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल फॉर्मा सेक्टर को पंख लगा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इन योजनाओं से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। नोएडा के बाद बीडा के रूप में उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त इलाके बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाया जा रहा है। बुंदेलखंड में ड्रग व फार्मा की स्थापना और रक्षा औद्योगिक गलियारे का काम भी तेजी पर है जो कि न सिर्फ इस इलाके को दुनिया के नक्शे पर लाएगा बल्कि इसके जरिए मेक इन इंडिया अभियान को भी प्रोत्साहन मिलेगा। करीब पांच हजार हेक्टेयर में यह गलियारा छह शहरों लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट में विकसित होगा। योगी सरकार ने इसमें रक्षा से जुड़े उद्योग लगाने वाले निवेशकों को विशेष रियायत देने की पेशकश की है। अच्छी बात यह है कि पांच दर्जन से अधिक कंपनियों ने रक्षा औद्योगिक गलियारा में निवेश करने के लिए अभिरुचि दिखायी है। गौर करें तो यूपी सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को पाटने के लिए एक्सप्रेसवे का जाल बिछा रही है। मौजूदा समय में 6 एक्सप्रेस वे संचालित हैं और 11 पर काम जारी है। गंगा एक्सप्रेस वे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में 2017 तक एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 491 किमी थी जो आज 2024 में बढ़कर 1225 किलोमीटर हो गई है। 32 हजार किलोमीटर से अधिक लंबाई के मार्गों का नवनिर्माण हुआ है और 25 हजार किलोमीटर के मार्गों का चौड़ीकरण हुआ है। किसी भी राज्य के विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद आवश्यक है। कनेक्टिविटी बढ़ने से राज्य के विकास और अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। सरकार इस दिशा में पहल कर राज्य के आठ शहरों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ रही है। गौर करें तो 2017 तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ 4 एयरपोर्ट थे। आज उत्तर प्रदेश 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर है जिनमें 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार हो चुका है जो देश का सबसे बड़ा कार्गो हब बनने जा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, पर्यटन, निर्यात, रोजगार और कानून-व्यवस्था में मजबूती एक महत्वपूर्ण कारक होता है। 2017 में प्रतिव्यक्ति आय 46 हजार रुपये थी जो आज 2024 में बढ़कर एक लाख 24 हजार रुपये हो गई है। बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत पर आ चुकी है। एमएसएमई एवं निजी क्षेत्र में दो करोड़ और ओडीओपी योजना से 2.54 लाख लोगों को रोजगार मिला है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण तकरीबन 8.5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और 3.75 लाख लोगों को संविदा पर नौकरी मिली है।

पर्यटन क्षेत्र को पंख लगा है और रोजगार की संभावनाओं के द्वार खुले हैं। 2017 से पहले 21 करोड़ पर्यटक आए थे लेकिन 2024 में यह संख्या बढ़कर 67 करोड़ हो गई है। अयोध्या, काशी, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, चित्रकुट और विंध्याचल पर्यटकों से वर्ष भर गुलजार रहते हैं। सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए लगातार ठोस पहल कर रही है। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार का कदम सख्ती भरा है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 222 अपराधी मारे जा चुके हैं। 28000 से अधिक अपराधी जेल भेजे गए हैं। माफियाओं के अवैध कब्जे से लगभग 3000 करोड़ की संपत्ति जब्त हुई है। कुल मिलाकर कहें तो अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी पर खरा उतरी है। इसके लिए वह बधाई की पात्र है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊँचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। यहाँ हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादें लेकर आते है।

## मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
दर्शन

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। प्राचीनकाल से मनुष्य वस्तुओं का परिवार के लिए संचय ही करते आया है। इस संचय का वह सीमित लाभ ही उठा पाता है। जानते हुए भी मनुष्य की प्रवृत्ति संचय की होती है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

हैप्पीनेस
डॉ. राजेश के. पिलानिया



# खुशी की सरल-कठिन चुनौती

*खुशी के बारे में सरल बात यह है कि यह बहुत कठिन है*
*खुशी के बारे में कठिन बात यह है कि यह बहुत सरल है!*

खुशी को अक्सर जीवन का अंतिम लक्ष्य बताया जाता है। हम में से ज्यादातर लोग खुशी की तलाश करना चाहते हैं, लेकिन फिर भी, हमारे आसपास बहुत सारा तनाव और नाखुशी है। खुशी की यात्रा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक चुनौती है खुशी की सरल-कठिन चुनौती। अपने पंद्रह साल के खुशी के काम में, मैंने लोगों के दो बड़े समूह देखे हैं: जो लोग खुश हैं और जो लोग खुश नहीं हैं। जब मैं नाखुश लोगों से मिलता हूं, तो मैं एक आम समस्या देखता हूं, जिसे मैं खुशी की सरल-कठिन चुनौती कहता हूं।

अपने संवादों में, मैं नाखुश लोगों की बात धैर्य से सुनता हूं।

लोगों का एक समूह ऐसा है जो कहता है,

"खुशी बस खुश रहना है।" "खुशी बस मन की स्थिति है।" "खुशी मेरे अंदर है।" "खुशी के बारे में क्या सीखना है?" और इसी तरह,ये लोग सोचते हैं कि खुशी आसान और सरल है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। लोगों का एक दूसरा समूह है जो कहता है,

"खुशी बहुत मुश्किल है।" "पता नहीं खुश कैसे रहें।" "खुशी मेरे लिए नहीं है।" "मुझे यकीन नहीं है कि मैं खुश हो सकता हूँ।"

"पहले मुझे अपनी जिम्मेदारियां, काम संभालना है, और बाद में खुशी।"

"मोक्ष और निर्वाण प्राप्त करना इतना असंभव है।" और इसी तरह, ये लोग सोचते हैं कि खुशी मुश्किल और जटिल है। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। वे खुश होने को निकट भविष्य में एक संभावना के रूप में नहीं देखते और खुश होने की कोशिश करने से पहले ही हार मान लेते हैं। यही है जिसे मैं सरल-कठिन चुनौती कहता हूं, यानी कुछ लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी आसान है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। दूसरे लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी मुश्किल है और इसे आजमाते ही नहीं। यह खुशी के अनुशासन या हमारे लिए अच्छा नहीं है। हमें खुशी का एक यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा। खुशी न तो उतनी सरल है और न ही उतनी मुश्किल जितना हम सोचते हैं। हमें यह जागरूकता होनी चाहिए कि स्थायी खुशी मुश्किल है, लेकिन इसे छोटे कदमों से शुरू करके और निरंतरता बनाए रखकर आसान बनाया जा सकता है। व्यवहार विज्ञान में शोध दिखाता है कि छोटे से शुरू करके हमारे व्यवहार को बदलना संभव है। मस्तिष्क विज्ञान में शोध यह भी दिखाता है कि जब हम छोटे कदमों से शुरू करते हैं जो कम ऊर्जा लेते हैं, तो हमारा मस्तिष्क इसका समर्थन करता है। खुशी की यात्रा पर रोजाना छोटे कदम उठाकर और इसका आनंद लेकर, निरंतरता बनाए रखते हुए, हम प्रभावी ढंग से खुशी की यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं। खुशी के बारे में सही ज्ञान प्राप्त करके, इसके सकारात्मक प्रभाव को महसूस करके, इसे अधिक गंभीरता से लेकर, इसे अपना समय, ऊर्जा और ध्यान देकर, छोटे कदमों से शुरू करके लेकिन निरंतर बने रहकर, हम खुशी की यात्रा को सफलतापूर्वक पार कर सकते हैं और रास्ते में आने वाली चुनौतियों, जैसे कि खुशी की सरल-कठिन चुनौती, का ध्यान रख सकते हैं।

(लेखक प्रोफेसर, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुड़गांव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सकारात्मक सोच से दूर होगा डिप्रेशन

आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में आज बहुत से लोग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। यह भी सच है कि जब किसी को दो वक्त की रोटी नसीब न हो पाए, बच्चों की पढ़ाई का खर्च पूरा न हो पाए या फिर दूसरे जरूरी खर्च पूरे न हो पाए तो ऐसी परिस्थितियों में कोई भी व्यक्ति तनाव में आ सकता है। फिर भी कोशिश करनी चाहिए कि दिल-दिमाग पर तनाव हावी न हो पाए, क्योंकि तनाव लेने से किसी भी समस्या का हल तो नहीं निकल सकता। डिप्रेशन बहुत से लोगों की जान का दुश्मन बनता आ रहा है। कोई डिप्रेशन का शिकार न हो, इसके लिए किसी को भी न तो घर-परिवार में और न ही अपने ऑफिस में नकारात्मक बातें करनी चाहिए। सकारात्मक सोच से ही डिप्रेशन दूर होगा।

*- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


# न्यूयार्क में मनाया गया बिहार दिवस



न्यूयॉर्क में 'बिहार दिवस' मनाने के लिए शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बिहार की संस्कृति एवं विरासत को सराहा गया और राज्य से संबंध रखने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के चार विशिष्ट सदस्यों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 'बिहार फाउंडेशन यूएसए' (ईस्ट कोस्ट) ने बताया कि यह आयोजन उसके, भारतीय वाणिज्यदूतावास और 'बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका' (बीजेएएनए) के सहयोग से किया गया। इसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 130 से अधिक सदस्य शामिल हुए जिन्होंने बिहार की संस्कृति, उसके द्वारा की गई प्रगति और दुनियाभर में उसकी बढ़ती मौजूदगी को सराहा। इस अवसर पर महेश कुमार ('टाइगर एनालिटिक्स' के संस्थापक), डॉ. अभिषेक तिवारी ('केपीएमजी' कंपनी के 'ग्लोबल हेड ऑफ पीपल'), शरद कुमार ('बैंक ऑफ अमेरिका' के प्रबंध निदेशक) और कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश झा को 'बिहार विश्व गौरव सम्मान' दिया गया। इन सभी को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वित्त, कृषि और नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

## ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम



जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स - कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।

## X ट्रेंड f

### अलगाववाद अब इतिहास



कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं और ऐसे सभी समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### दिल्ली का होगा विकास



हमारी सरकार का संकल्प है कि विकसित दिल्ली बजट में सिर्फ वादे नहीं, बल्कि मजबूत नींव डाली जाएगी। स्मार्ट इंफ्रा, सुगम सड़कें और स्टीम लैस कनेक्टिविटी के साथ अब दिल्ली होगी और अधिक विकसित और सुविधाजनक।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### सोना सुरक्षित निवेश



जब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत अनिश्चितता होती है, तो सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाती है। सबसे सुरक्षित निवेश के रूप में, सोना चमकने वाला है।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### ब्रह्मांड का हिस्सा



आप इस विशाल ब्रह्मांड का एक छोटा सा महत्वहीन हिस्सा हैं... फिर भी इस क्षण आपके अस्तित्व के बिना ब्रह्मांड का ताना-बाना ढह जाएगा... आप इस क्षण में इतने महत्वपूर्ण हैं..।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com






# ये बने रिकॉर्ड्स

# रोचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टायटंस को 11 रन से हराया

एजेंसीः अहमदबाद

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 5वें मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से हराया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए मैच में पंजाब किंग्स ने पहले खेलते हुए 243/5 का विशाल स्कोर बनाया। पंजाब किंग्स से कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 97 रन बनाए। जवाब में गुजरात टायटंस की टीम साई सुदर्शन के 74 रन के बावजूद 232/5 का स्कोर ही बना सकी और 11 रन से हार गई। इस मैच के दौरान कई रिकॉर्ड भी बपे।

### अय्यर ने आईपीएल में बनाया अपना सर्वोच्च स्कोर

पंजाब किंग्स ने 28 रन के स्कोर पर जब अपना पहला विकेट खोया, तब अय्यर क्रीज पर आए। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से जोरदार फॉर्म में चल रहे अय्यर ने गुजरात टायटंस के गेंदबाजों की जमकर खबर ली और 27 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 42 गेंदों पर 5 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 97 रन बनाकर नाबाद रहे। इस बीच उन्होंने शशांक (44*) के साथ मिलकर 81 रन की अटूट साझेदारी की।

### अय्यर ने पूरे किए अपने 6,000 टी-20 रन

अय्यर ने अपनी पारी में 26वां रन बनाते ही अपने टी-20 क्रिकेट करियर के 6,000 रन पूरे किए। उन्होंने अब तक 224 टी-20 मैचों में 6,071 रन बना लिए हैं। इस बीच उनके बल्ले से 147 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 3 शतक और 37 अर्धशतक लगाए हैं। अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 51 मैचों में 30.66 की औसत के साथ 1,104 रन बनाए हैं।

### राशिद ने पूरे किए 150 आईपीएल विकेट

राशिद खान ने अपने 4 ओवर में 48 रन देते हुए 1 विकेट लिया और इस लीग में अपने 150 विकेट पूरे किए। राशिद ने 150 आईपीएल विकेट का आंकड़ा छूने के लिए 122 मैच खेले। अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने 118 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं, पूर्व दिग्गज लसिथ मलिंगा ने 105 मैचों का सहारा लिया था। कुल मिलाकर, राशिद इस प्रतिष्ठित लीग में 150 विकेट हासिल करने वाले 12वें गेंदबाज बन गए।



### आईपीएल में सबसे ज्यादा शून्य पर आउट हुए मैक्सवेल

ग्लेन मैक्सवेल पहली गेंद पर ही शून्य पर आउट हुए। मैक्सवेल आईपीएल में 19वीं बार शून्य पर आउट हुए हैं। उन्होंने इस मामले में मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज रोहित शर्मा और पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को पीछे छोड़ दिया है। ये दोनों ही 18-18 बार शून्य पर आउट हुए हैं। इसी तरह मैक्सवेल 10वीं बार गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) हुए हैं। वह सर्वाधिक बार गोल्डन डक का शिकार होने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं।

### सुदर्शन ने खेली संघर्षपूर्ण पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए सुदर्शन ने 31 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह आईपीएल करियर में उनका 7वां अर्धशतक रहा। वह 41 गेंदों पर 74 रन की पारी खेलकर आउट हुए। उन्हें अर्शदीप सिंह ने पारी के 13वें ओवर में पवेलियन की राह दिखाई। अपने आईपीएल करियर में सुदर्शन ने अब तक 26 पारियों में 48.17 की औसत और 141.32 की स्ट्राइक रेट से 1,108 रन बनाए हैं।

### बटलर ने भी लगाया अर्धशतक

जब जीटी ने 61 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब बटलर क्रीज पर आए। उन्होंने दबाव की घड़ी में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टीम को मैच में बनाए रखा। उन्होंने 31 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस यह उनके आईपीएल करियर का 20वां अर्धशतक रहा। वह 33 गेंदों पर 54 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने सुदर्शन के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 84 रन की साझेदारी भी की।

खास खबर

## पूरे साल मैंने मैच फिनिश करने पर ध्यान केंद्रित किया : आशुतोष



**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ एक विकेट की चमत्कारिक जीत दिलाने वाले आशुतोष शर्मा ने कहा कि उन्होंने पूरे साल मैच को 'फिनिश' करने पर ध्यान केंद्रित किया जिसका उन्हें यहां फायदा मिला। आशुतोष ने पिछले साल पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए मैच फिनिशर की अपनी भूमिका से प्रभावित किया था लेकिन तब वह अपने प्रदर्शन से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे।

### मैच फिक्सिंगमें भारतीय को चार साल की सजा

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक को क्रिकेट मैच फिक्सिंग के 2024 के एक मामले में मंगलवार को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। योगी पटेल पर कैंडी में खेले गए लीजेंड्स लीग टी 20 टूर्नामेंट में मैच फिक्स करने की पेशकश के आरोप लगे थे। उस पर श्रीलंका की चयन समिति के अध्यक्ष उपुल थरंगा की शिकायत के आधार पर आरोप लगाए गए थे। पटेल पर अदालत द्वारा यात्रा प्रतिबंध के बावजूद देश से भाग जाने के कारण उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया गया था।

### मेनन आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर बने रहेंगे

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने दक्षिण अफ्रीका के अलाउद्दीन पालेकर और इंग्लैंड के एलेक्स व्हार्फ को आईसीसी अंपायरों के एलीट पैनल में शामिल किया जिसमें नितिन मेनन एकमात्र भारतीय हैं। भारत के जयरामन मदनगोपाल को इमर्जिंग पैनल में पदोन्नत किया गया है। मेनन अंपायरों के एलीट पैनल में रिचर्ड इलिंगवर्थ के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पालेकर और व्हार्फ एलीट पैनल में माइकल गॉफ और जोएल विल्सन की जगह लेंगे।

### विश्व कप क्वालीफायर में इंग्लैंड टीम की लगातार दूसरी जीत

**लंदन।** रीस जेम्स ने फ्री किक पर खूबसूरत गोल किया जबकि एबेरेची एजे ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल दागा जिससे इंग्लैंड ने सोमवार को वेम्बली स्टेडियम में लाटविया को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफायर में लगातार दूसरी जीत हासिल की। जेम्स ने पिछले ढाई वर्ष में पहली बार शुरुआती एकादश में जगह बनाई तथा 37वें मिनट में 25 मीटर की दूरी से फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया। यह इंग्लैंड की तरफ से 18 मैच में उनका पहला गोल है।

## चोटिल खिलाड़ियों की जगह अन्य विकल्पों से ही काम चलाना होगा : क्लूसनर



**विशाखापत्तनम।** लखनऊ सुपर जॉइंट्स के सहायक कोच लांस क्लूसनर ने कहा कि चोटिल खिलाड़ियों की वापसी से पहले वैकल्पिक खिलाड़ियों से काम चलाने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं है। लखनऊ की टीम को आईपीएल के नए सत्र से पहले ही करारा झटका लगा क्योंकि उसके कम से कम चार तेज बाद गेंदबाज आवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान और आकाशदीप चोटिल हो गए। लखनऊ के गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले मैच में अच्छी शुरुआत करने के बावजूद 209 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। इस मैच में ओस ने भी अपनी भूमिका निभाई।

### गेंदबाजी में अधिक विकल्प नहीं

क्लूसनर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा अभी हमारे पास गेंदबाजी में बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं। जब तक हमारे खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी नहीं करते हैं तब तक हमें अपने वैकल्पिक खिलाड़ियों से ही काम चलाना होगा।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन यही इस खेल की प्रकृति है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में होने वाले अगले मैच में हमारे बल्लेबाजों को इस मैच की तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

# मजबूत रन रेट के साथ प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर हैदराबाद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2025 में शानदार मुकाबले खेले जा रहे हैं। अब तक एक भी मुकाबला ऐसा नहीं रहा है, जिसमें एकतरफा जीत देखने को मिली हो। अब तक खेले गए सभी मुकाबले बेहद रोमांचक रहे हैं और लगभग बराबरी की टक्कर रही है। सबसे शानदार मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम के बीच रहा, जबकि सबसे बड़ा स्कोर हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के मैच में बना। अब तक खेले गए मुकाबलों से समझा जा सकता है कि आईपीएल 2025 में सभी टीमें बेहद मजबूत नजर आ रही हैं।

आईपीएल में हो रहे इन बड़े मैचों से पहले यह देखना बेहद जरूरी है कि अब प्वाइंट्स टेबल में कौन सी टीम किस स्थान पर मौजूद है और किस टीम के पास सबसे ज्यादा रन रेट है।

### फिलहाल नंबर वन पर है सनराइजर्स



प्वाइंट्स टेबल पर नजर डालें तो इस समय पहले स्थान पर हैदराबाद की टीम मौजूद है। हैदराबाद की टीम ने बड़े अंतर से मुकाबला जीता था। टीम ने 44 रनों से राजस्थान रॉयल्स को हराया था, जिसके चलते टीम का रन रेट भी बेहद मजबूत है। हैदराबाद इस समय +2.200 के रन रेट के साथ पहले स्थान पर मौजूद है।

### मंगलवार तक हो चुके हैं चार मुकाबले

दरअसल, अब तक आईपीएल के चार मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने जीत दर्ज की है, जबकि मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम को हार का सामना करना पड़ा है।

### दूसरी आरआर, तीसरी सीएसके, चौथे पर दिल्ली





दूसरे स्थान पर नजर डालें तो इस समय रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम मौजूद है। बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हराया था, जिसके चलते टीम के पास मजबूत रन रेट है। इस समय रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु +2.137 के रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद है।

# विराट, रोहित, जडेजा खिसक सकते हैं नीचे, बुमराह-शुभमन लगाएंगे छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस समय सभी क्रिकेट फैंस की नजरें बीसीसीआई की केंद्रीय कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट पर बनी हुई हैं। दरअसल, जल्द ही क्रिकेट बोर्ड द्वारा मेंस खिलाड़ियों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी की जाएगी। यह देखना दिलचस्प रहेगा कि खिलाड़ियों को किस कैटेगरी में रखा जाता है और टीम के बड़े नामों को कौन सी कैटेगरी मिलती है।

इससे पहले सोमवार को बीसीसीआई द्वारा महिलाओं की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी की गई थी, जिसमें 16 नाम शामिल थे। जिसके चलते अंदाजा लगाया जा रहा है कि जल्द ही मेंस की भी यह लिस्ट सामने आ जाएगी। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट नेशनल चयन समिति द्वारा और हेड कोच के अलावा सचिव द्वारा परामर्श के साथ तैयार की जाती है। पिछली लिस्ट में मेंस की 30 नामों की सूची थी।

### ये खिलाड़ी किस कैटेगरी में आएंगे

इस बार जारी होने वाली इस लिस्ट में रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को किस श्रेणी में रखा जाएगा, इसे लेकर भी चर्चा है। दरअसल, ये खिलाड़ी टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में अब ए प्लस कैटेगरी में इन खिलाड़ियों का रहना मुश्किल नजर आ रहा है। दूसरी ओर, जो खिलाड़ी लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों का नाम शामिल है, अब उन्हें कौन सी कैटेगरी में जगह मिलेगी, इस पर भी सभी की नजरें टिकी हुई हैं।



### किस कैटेगरी में कितनी मिलती है रकम?

बता दें कि ए प्लस कैटेगरी में खिलाड़ियों को 7 करोड़ रुपए दिए जाते हैं, जबकि ए कैटेगरी में यह रकम 5 करोड़ की होती है। बी कैटेगरी में खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपये, जबकि सी कैटेगरी के खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए सालाना भुगतान किया जाता है। ऐसे में अब ए कैटेगरी में किन खिलाड़ियों को प्रमोट किया जाएगा, इसका इंतजार है।

### इन खिलाड़ियों का गिर सकती है कैटेगरी

रिपोर्ट्स की मानें तो विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा को ए प्लस कैटेगरी से नीचे भेजा जा सकता है। दरअसल, नियमों के मुताबिक अगर कोई खिलाड़ी तीनों फॉर्मेट खेलता है टी20, वनडे और टेस्ट तो उसे ए प्लस कैटेगरी में रखा जा सकता है लेकिन रोहित, कोहली और जडेजा टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं, जिसके कारण अब उन्हें ए प्लस कैटेगरी से बाहर किया जा सकता है।

### बुमराह सहित ये खिलाड़ी होंगे ए कैटेगरी

रिपोर्ट्स की मानें तो जसप्रीत बुमराह को ए प्लस कैटेगरी में रखा जा सकता है। इसके अलावा शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल जैसे खिलाड़ी नजर आ सकते हैं, जबकि सी श्रेणी में मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ी नजर आ सकते हैं।

## स्मृति व दीप्ति ने आईसीसी रैंकिंग में अपना स्थान कायम रखा

**दुबई।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने मंगलवार को यहां जारी ताजा आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों की रैंकिंग में क्रमशः अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा। मंधाना के अलावा कोई अन्य भारतीय शीर्ष-10 में मौजूद नहीं है। सूची में कप्तान हरमनप्रीत कौर 11वें स्थान पर, जेमिमा रोड्रिग्स 15वें स्थान पर और शेफाली वर्मा उनसे एक पायदान नीचे हैं। बल्लेबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, उनके बाद टीम की साथी तहलिया मैकग्रा मौजूद हैं। फोबे लिचफील्ड तीन स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गईं। स्टार ऑलराउंडर मेली केर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे मैच में 40 रन की पारी के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की बढ़त हासिल की जबकि न्यूजीलैंड की जॉर्जिया प्लिमर पिछले महीने शीर्ष क्रम में कुछ लगातार पारियों की बदौलत 20 स्थान का सुधार करते हुए 50वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दीप्ति ने इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और पाकिस्तान की सादिया इकबाल के बाद गेंदबाजों में अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। सदरलैंड टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों के लिए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुंच गईं।

## सेफा में हार के बाद कांस्य के लिए खेलेंगे सुनील कुमार

**अम्मान (जोर्डन)।** भारतीय पहलवान सुनील कुमार मंगलवार को एशियाई चैंपियनशिप में ग्रीको रोमन 87 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक के लिए चीन के जियाक्सिन हुआंग से भिड़ेंगे।



सुनील ने 2019 में रजत पदक जीता था। ईरान के यासीन याजदी ने सेमीफाइनल में सुनील पर 3-1 से जीत दर्ज करके 87 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। सागर ठाकरान ने 77 किग्रा वर्ग का क्वालीफिकेशन मुकाबला जीता लेकिन क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के अमरो सादेह से 10-0 से हार गए। हार के बाद सागर की किस्मत का फैसला उनके प्रतिद्वंद्वी के सेमीफाइनल के नतीजों पर निर्भर होगा। उमेश (63 किग्रा) क्वालीफिकेशन में हार गए, लेकिन अगर उनके प्रतिद्वंद्वी ने बाद में सेमीफाइनल जीत लिया तो उन्हें रेपेशाज का मौका मिल सकता है।



# 3 फीट लंबा और 18 किलो वजन ये है दुनिया का सबसे छोटा डॉक्टर



नई दिल्ली। दुनियाभर में कई ऐसे लोग हैं, जो तमाम मुश्किलों के बावजूद सफलता हासिल कर इतिहास रच देते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं। इस शख्स का नाम गणेश बरैया है। 23 साल के गणेश ने साबित कर दिखाया कि अगर हौसला बुलंद हो तो कोई भी सपना असंभव नहीं. गुजरात के तलाजा थालुका में जन्मे गणेश का कद भले ही 3 फीट हो, लेकिन उनकी उपलब्धि इतनी बड़ी है कि आज उन्हें दुनिया के सबसे छोटे डॉक्टर के तौर पर जाना जा रहा है। उनकी यह प्रेरक कहानी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

## छोटे कद के कारण ठुकरा दिया आवेदन



गणेश बचपन से ही डॉक्टर बनना चाहते थे।अपनी मेहनत से उन्होंने मेडिकल परीक्षा में भी एमबीबीएस करने के लिए सफलता हासिल की, लेकिन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने उनके छोटे कद के कारण बताकर आवेदन ठुकरा दिया। लेकिन, इस बात से गणेश ने हार नहीं मानी और अपने स्कूल प्रिंसिपल की मदद से उन्होंने जिला कलेक्टर, राज्य शिक्षा मंत्री और गुजरात हाई कोर्ट तक गुहार लगाई। जब कहीं से मदद नहीं मिली, तो मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने उनके हक में फैसला सुनाया और 2019 में गणेश ने एमबीबीएस में दाखिला लिया।



### हार नहीं मानी

पिछले साल गणेश ने भवानीगर के सर-टी हॉस्पिटल में इंटर्नशिप पूरा किया। वे कहते हैं, 'तीन साल पहले मैं निराश था, लेकिन मैंने हार नहीं मानी। सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिला और अब मैं अपने सपने को पूरा कर रहा हूं।' मरीज शुरू में उनके कद को देखकर चौंकते हैं, लेकिन उनकी काबिलियत देखकर सहज हो जाते हैं। हालांकि, गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में उनकी उपलब्धि अभी दर्ज नहीं हुई, लेकिन गणेश को दुनिया के सबसे छोटे डॉक्टर के तौर पर पहचान मिल रही है। गणेश कहते हैं, 'मैं अलग हूं, लेकिन अपने माता-पिता को गर्व महसूस कराने के लिए एक अच्छा जीवन जीना चाहता हूं।' उनकी यह कहानी हर उस इंसान के लिए प्रेरणा है जो मुश्किलों के आगे हार मान लेता है।

## रोचक खबरें

# 'मैं कौन हूं?' शख्स ने चैट जीपीटी से पूछा सवाल, मिला ऐसा जवाब डर के मारे हाथ से छूट गया फोन!

**लंदन।** आजकल ज़माना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। ऐसे में लोग अपनी ज्यादातर समस्याओं का समाधान चैट जीपीटी से मांगने लगे हैं। बहुत बार ऐसा होता है कि लोग उससे कुछ पूछते हैं और जवाब संतोषजनक होता है। कई बार ये हमारी मेहनत को कम कर देता है, लेकिन ऐसा भी कभी हो जाता है कि चैट जीपीटी कुछ ऐसा कह दे, जो सुनने के लिए हम तैयार नहीं होते। तकनीक से हम अगर मज़े लेते हैं, तो अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से वो भी हमसे मज़े ले सकती है।



कुछ ऐसा ही हुआ एक शख्स के साथ. उसने मस्ती में चैट जीपीटी से पूछ लिया कि – 'मैं कौन हूं?' इसके बाद तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से ऐसा जवाब दिया कि आदमी का डर के मारे बुरा हाल हो गया।वो दौड़ा-दौड़ा सीधा पुलिस स्टेशन पहुंच गया।


**चैटजीपीटी, बताओ कौन हूं मैं ?**

एक रिपोर्ट के मुताबिक अर्वे हजालमार होतमेन नाम के शख्स ने एआई चैटबोट से अपने बारे में कुछ बताने को कहा।आगे से जो जवाब मिला, वो सुनकर शख्स के तोते उड़ गए। चैटबोट ने बताया – 'तुम नॉर्वे के निवासी हो, जिसे एक बुरी वजह से अटेंशन मिली। तुमने 7 और 10 साल के अपने बेटों की हत्या दिसंबर, 2020 में कर दी थी, जो तालाब के किनारे मरे हुए मिले थे।' शख्स के सुनकर चौंक गया और डर के मारे सीधा चैटबोट की शिकायत करने पुलिस स्टेशन पहुंच गया। शिकायत में शख्स ने बताया कि चैट जीपीटी एक झूठी कहानी बता रहा है। हालांकि,जगह का नाम, बच्चों की संख्या और उसके बेटों का अंतर बिल्कुल वैसा ही है, लेकिन मर्डर की कहानी झूठी है। इस तरह की जानकारी उसकी ज़िंदगी खराब कर सकती है। उसके डिजिटल राइट्स के लिए काम करने वाले ग्रुप नोयब से अपील की है कि वो इस मानहानि के लिए कार्रवाई में मदद दे और चैटबोट के क्रिएटर्स से हर्जाना दिलवाए। वहीं, क्रिएटर्स यानी ओपनएआई की ओर से कहा गया है कि वे लगातार सटीक जानकारी देने के लिए काम कर रहे हैं।

# गीजा के पिरामिडों को लेकर वैज्ञानिकों का चौंकाने वाला दावा, पूरी दुनिया में मचा तहलका

लंदन। दुनिया में कई ऐसी जगहें, जिनके भीतर रहस्य छिपे हुए हैं। उन्ही जगहों में मिस्र भी शामिल है और वहां के पिरामिड। मिस्र की सबसे रहस्यमयी कलाकृति है 'द ग्रेट पिरामिड ऑफ गीजा'। यह दुनिया के सात अजूबों में से एक है। यहां के पिरामिडों का इतिहास 4000 साल पुराना बताया जाता है, लेकिन आज भी इन पिरामिडों से कई रहस्य जुड़े है। इनके बारे में किसी के पास भी सही जानकारी नहीं। बताया जाता है कि गीजा का महान पिरामिड 2560 ईसा पूर्व में बनवाया गया था। अब इन दावा किया जा रहा है कि पिरामिडों के नीचे एक बेहद अहम खोज की गई है। इस दावे में दुनियाभर में हंगामा मचा दिया है। इटली और स्कॉटलैंड के शोधकर्ताओं ने दावा है कि गीजा के पिरामिडों के नीचे 'एक विशाल भूमिगत शहर' है।

## पिरामिडों के नीचे खोजी गईं ऐसी संरचनाएं




इस नए अध्ययन के के मुताबिक, पिरामिड के नीचे आठ वर्टिकल बेलनाकार संरचनाएं 2,100 फीट से ज्यादा गहराई तक फैली है तथा 4,000 फीट गहराई पर अज्ञात संरचनाएं मिलने का भी दावा किया गया है। कई विशेषज्ञों ने पहले ही इस चौंकाने वाले दावे को खारिद कर दिया है। यह एक ऐसे अध्ययन से खोज हुई है जिसमें संरचनाओं के नीचे जमीन में गहराई तक उच्च-रिजोल्यूशन वाली छवियां बनाने के लिए रडार पल्स का इस्तेमाल किया गया है। इसमें किसी तरह की खुदाई की आवश्यकता नहीं होती है।

## गीजा के पिरामिडों के नीचे 6500 फीट से अधिक गहराई तक फैला है शहर

### गीजा में हैं तीन पिरामिड


गीजा परिसर में तीन पिरामिड हैं, जिनके नाम खफरे, खुफु औक मेनकौर हैं। इनका निर्माण आज से करीब 4,500 साल पहले नील नदी के पश्चिमी तट पर किया गया था। हर पिरामिड को एक फराओ के नाम पर बनाया गया था। सबसे उत्तरी और सबसे पुराना खुफू के लिए बनाया गया था। जिसे ग्रेट पिरामिड के तौर पर जाता है और सबसे बड़ा है। खफरे के लिए मध्य पिरामिड को बनाया गया था, जिसका टीम ने अध्ययन किया था।





### क्या कहते हैं दूसरे विशेषज्ञ?

डेनवर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर लॉरेंस कोनयेर्स ने, जो पुरातत्व पर काम करने वाले रडार विशेषज्ञ है ने एक साक्षात्कार में बताया कि किसी टेक्नोलॉजी के लिए जमीन में इतनी गहराई तक जाना संभव नहीं है। इससे भूमिगत शहर का विचार एक बहुत बड़ी अतिशयोक्ति हो जाती है।



### हो सकती हैं छोटी संरचनाएं

प्रोफेसर कोनयेर्स का कहना है कि पिरामिडों के नीचे शाफ्ट और कक्ष जैसी छोटी संरचनाएं होने की संभावना है, जो उनके निर्माण से पहले से मौजूद थीं। उनका कहना है कि क्योंकि यह स्थल 'प्राचीन लोगों के लिए विशेष था। उन्होंने शंकाओं के बाद भी कहा कि इन खोजों को सत्य साबित करने का सिर्फ तरीका 'लक्षित उत्खनन' होगा। उनका कहना है कि शोधकर्ता मनगढ़ंत बातें नहीं बना रहे हैं और उनकी मूल पद्धति सही है। उस स्थल के बारे में चिंता करने वाले लोगों उनकी व्याख्याओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। व्याख्याओं के बारे में बहस की जा सकती है और इसे विज्ञान कहते हैं। हालांकि, बुनियादी तरीकों का ठोस होना आवश्यक है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### एक गांव, 20 दिन...

ग्रामीणों से चर्चा करते हुए आत्महत्या के कारणो के संबंध में जानकारी ली है। इस मौके पर जनपद पंचायत मैनपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा, डी के नागवंशी, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, हेमंत तिर्की एवं अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### देवी देवताओं की...

कर दिया गया है। इधरए प्रशासनिक अमला स्वास्थ्य और मनोरोग चिकित्सक को लेकर शिविर लगा रहे हैं। ग्राम पुजारी सुन्दर लाल, झांकर महेश लाल, सरपंच गुरूवारी बाई ध्रुव, सुरेश कुमार दंता, जगदीश जगत, रूपेश मसीह, रूपसिंह बस्तियां व ग्रामीणों ने बताया कि गांव मे अचानक आत्महत्या के मामले बढ़ने से दहशत देखने को मिल रहा है। अधिकारियों के द्वारा भी आकर ग्रामीणों और युवाओं का समझाइश दी गई है। ग्रामीणों ने बताया गांव में खुशहाली और शांति के लिए देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर रहे है, ताकि इस गांव पर आई विघ्न बाधा टल जाए।

### हर व्यक्ति से...

डाहिरे, एसडीओपी पुलिस विकास पाटले, तहसीलदार गैंदलाल साहू, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव एवं स्थानीय अफसर अधिकारी कर्मचारी पहुंचकर गांव में बैठक लेकर ग्रामीणों से आत्महत्या के कारणों के बारे में चर्चा की, तो कई मामले सामने आए। जिसमें कुछ लोगों ने इसे युवाओं के द्वारा नशाखोरी के साथ ही कई कारणों को बताया। वहीं, कुछ लोगों के द्वारा इसे दैवीय प्रकोप भी बताया जा रहा है।

### निशाने पर अब...

कि बीजापुर व दंतेवाड़ा के गीदम थाना क्षेत्र के गिरसापारा, नेलगोड़ा, बोड़गा व इकेली के सरहदी क्षेत्र में नक्सल कैडर्स की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी दंतेवाड़ा व बस्तर फाइटर्स की सयुंक्त टीम नक्सल आपरेशन पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान सुबह 8 बजे से माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगातार फायरिंग हुई। मुठभेड़ उपरांत तलाशी अभियान में तीन पुरुष नक्सलियों के शव के अलावा हथियार व विस्फोटक बरामद किया गया। मारे गए माओवादियों में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर 25 लाख का ईनामी तेलगांना वारंगल निवासी सुधीर उर्फ सुधाकर उर्फ मुरली समेत तीन नक्सली शामिल हैं।

### 83 दिन में...

द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध माओवादी विरोधी अभियान संचालित किए जाने के परिणाम स्वरूप पिछले 83 दिनों में करोड़ों के ईनामी कुल 100 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं, इलाके में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

### लक्ष्य की ओर ...

मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों के हौसले और अदम्य साहस को नमन करता हूं।

### जांच के बाद...

कर्मियों को काम से हटा दिया गया है। इसके साथ ही मामले में विभागीय जांच भी की जा रही है। बता दें कि हरिभूमि ने इस पूरे मामले का खुलासा किया था। 20 मार्च को प्रकाशित खबर में बताया था कि कोड़िया संग्रहण केंद्र में कैसे खरीदे गए धान में मिट्टी मिलाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर इसका पूरा वीडियो वायरल हो रहा है। इसके बाद 21 मार्च को कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य निरीक्षक धमधा मैनु बैठवार, भिलाई-3 निरीक्षक सुधा महिलांग और अहिवारा तहसीलदार राधेश्याम वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के बाद प्रतिवेदन तैयार कर कलेक्टर अभिजीत सिंह को सौंपी। रिपोर्ट के आधार पर इन 9 ठेका श्रमिकों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। मामले में पंच और उपसरपंच के विवाद की भी बात सामने आई है। पंचायत का एक पंच संग्रहण केंद्र में ठेके पर कार्यरत था, उसको बदनाम करने के उद्धेश्य से यह पूरी साजिश की गई। बहरहाल इस पूरे मामले में विभागीय जांच अब भी जारी है।

**सुपरवाइजर सहित नौ को काम से हटाया-**

कलेक्टर के निर्देश पर जांच कराई गई। जांच दल ने धान में मिट्टी मिलाए जाने की जानकारी को गलत पाया है। हार्वेस्टर से कटाई के कुछ कचरा जरूर मिलाए जाने का वह वीडियो था। फिर भी मामला काफी संवेदनशील था, लापरवाही सामने आने के बाद सुपरवाइजर सहित 9 लोगों को हटा दिया गया। मामले में विभागीय स्तर पर भी जांच कराई जा रही है।

-भौमिक बघेल, डीएमओ दुर्ग

### तीन सदस्यीय...

दी गई कि धान के स्टेकिंग के समय उक्त स्टाक का सीपेज एवं पल्टी के माध्यम से मिलरों के माध्यम से जारी बारदानों में धान भरती का कार्य धान ढेरी में लगाकर किया जा रहा था। इस दौरान करीब 2 हजार कट्टा धान खुले में था, जिसका भौतिक सत्यापन नहीं हो सका। 31 दिसंबर 2024 से 2 मार्च 2025 तक दुर्ग के कुल 5 राइस मिलों से 37350 नग वारदाने प्राप्त हुए, जिसमें से 32350 नग बारदाने पल्टी एवं सीपेज में उपयोग किए गए। शेष 5000 नग बारदाने मानक बोरे के रूप में संग्रहण केन्द्र में उपलब्ध थे। दीपक कन्नौजे ने जांच दल को बताया गया कि वह 7 जनवरी से धान संग्रहण केन्द्र में क्षेत्र सहायक (संग्रहण केन्द्र प्रभारी) के पद पर कार्यरत है। मिट्टी मिलाये जाने की बात को उसने असत्य एवं निराधार बताया। उसने बताया कि मेडेसरा निवासी इन्द्रकुमार सिन्हा जो कि मिट्टी मुरुम आदि के परिवहन से संबंधित काम करते हैं। उनसे संग्रहण केन्द्र में वृक्षारोपण किये जाने के लिए मिट्टी मंगवाई गई थी। इसे बाद गड्ढों के समीप रखवा दिया गया था।

### मंत्री के काफिले...

मंत्री के काफिले में जिले के सभी विधायकों की गाड़ियां भी चल रही थी। गनीमत है कि वाहन कम रफ्तार में थी। इस वजह से स्थिति कंट्रोल में रही, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल दुर्ग सर्किट हाउस से जिला अस्पताल निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण करने के बाद दोपहर में वे चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज कचादुंर पहुंचे। जैसे ही उनका काफिला दुर्ग से सूर्या मॉल चौक के पास पहुंचा, अहिवारा के पूर्व विधायक सांवलाराम डहरे के वाहन का चालक ओवरटेक करने लगा। इसके आगे चल रहे विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के वाहन चालक ने ब्रेक लगा दिया। इससे पूर्व विधायक की स्कॉर्पियो अहिवारा विधायक की इनोवा के पीछे से टकरा गई। टक्कर लगते ही सभी गाड़ियों ने ब्रेक लिया तो पीछे से आ रही दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की इनोवा ने पूर्व विधायक की स्कॉर्पियों को टक्कर मार दी।

### जस्टिस वर्मा के...

उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनु शिवरामन शामिल हैं। जो न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर पहुंचे हैं। जांच के दौरान समिति के सदस्य करीब 30-35 मिनट तक न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास के अंदर रहे। इस दौरान उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर बीती 14 मार्च की रात करीब 11.35 बजे आग लगने के बाद कथित नकदी बरामदगी हुई थी। जिसके बाद अग्निशमन अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई थी। इसके बाद 22 मार्च को भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों की आंतरिक जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी थी।

### इलाहाबाद में वकीलों...

न्यायालय या जज के खिलाफ नहीं, बल्कि उनके खिलाफ है जिन्होंने न्यायालय की व्यवस्था को धोखा दिया है।

### बारिश के आखिरी...

हुआ है, लेकिन अब मार्च के अंत तक आते-आते बांधों में जलभराव का स्तर कम होने लगा है। सिंचाई विभाग का कहना है कि इस बार दिसम्बर और जनवरी में ज्यादा बारिश नहीं हुई है। इसका असर नदी-नालों और जलाशयों पर पड़ रहा है। नतीजा यह रहा कि प्रदेश के बड़े बांधों में शामिल गंगरेल, बांगो समेत अन्य मध्यम व छोटे बांधों में जलभराव वर्ष 2023 और 2024 के मुकाबले सबसे कम हुआ है।

**कोडार में सिर्फ 19.62 फीसदी पानी बचा-**

महासमुंद के कोडार जलाशय की स्थिति सबसे ज्यादा खराब नजर आ रही है। जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक यहां से 19.62 फीसदी पानी बचा है। जबकि बीते वर्ष इस अवधि में यहां 29.86 फीसदी जलभराव था। मुंगेली के मनियारी जलाशय में पिछले बार की तुलना में इस बार जल भराव अधिक है। यहां पिछले साल 51 फीसदी जलभराव था, जबकि मौजूदा समय में यहां 63.48 फीसदी जलभराव है।

### जलाशयों से तालाबों...

सिकासार, मनियारी, खरखरा से पानी छोडा जा रहा है। ताकि गर्मी के पूर्व तालाबों को भरकर वाटर रीचार्जिंग को बनाए रखा जा सके।

### 2006 से पहले...

छत्तीसगढ़ राज्य के मामले में सुनाया। याचिकाकर्ता, छत्तीसगढ़ शासकीय महाविद्यालयीन पेंशनर्स संघ, जो सरकारी महाविद्यालयों के पेंशनभोगियों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक पंजीकृत संस्था है। इसने 1 जनवरी 2006 से पहले सेवानिवृत्त होने वालों के साथ किए जा रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मुख्य तर्क यह था कि 2006 के बाद सेवानिवृत्त हुए लोगों को छठे वेतन आयोग का लाभ दिया गया, जबकि इससे पहले सेवानिवृत्त हुए उनके समकक्षों को इससे वंचित रखा गया, जो कि भेदभाव है। इससे पहले, सोसायटी ने एक याचिका दायर की थी जिसमें 25 जनवरी, 2018 को किया फैसला दिया गया था और अधिकारियों को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। हालाँकि, छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग द्वारा 28 फरवरी, 2018 के एक आदेश के माध्यम से उनके अभ्यावेदन को खारिज कर दिया गया था।

### खजाने पर बोझ...

व्यवहार उचित है। न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडे ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए राज्य के तर्क को खारिज कर दिया, न्यायालय ने निर्णय दिया कि मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 49 के अनुसार मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों को पेंशन भुगतान की देयता साझा करनी होगी। राज्य को 120 के भीतर संशोधित पेंशन जारी करने का निर्देश दिया गया।

### शादी के 15 दिन...

मिश्रा ने कहा कि उन्हें 19 मार्च को एक खेत में घायल पड़े एक व्यक्ति के बारे में सूचना मिली थी। पीड़ित दिलीप यादव को बाद में बिधूना के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था और उसके परिवार के सदस्यों को इसकी सूचना दी गई थी। फिर उसे सैफई अस्पताल ले जाया गया, जहां से ग्वालियर और फिर आगरा ले जाया गया। जिसके बाद उन्हें 20 मार्च को औरैया के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया। 21 मार्च की रात को उनकी मौत हो गई।

# डेढ़ करोड़ साल पुरानी मछली के पेट में आज भी सुरक्षित है आखिरी बार खाया हुआ खाना



**कैनबरा।** कहते हैं इस दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। दुनिया भर में कभी- कभी ऐसी चीजें होती हैं तो हैरान कर देती है। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स भी एक चौंकाने वाली खबर आई है जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। यहां पर शोधकर्ताओं को 15000000 साल पहले रहने वाली मछली मिली है। शोधकर्ताओं को सबसे आश्चर्यजनक ये लगा कि आखिरी भोजन अभी भी बरकरार है। उन्होंने मछली के मेलेनोसोम जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केवल अपने पेट की सामग्री और दृश्यमान रंग पैटर्न को संरक्षित किया है, बल्कि इसमें परजीवी के निशान भी शामिल हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के मियोसीन पारिस्थितिकी तंत्र का एक अभूतपूर्व स्नैपशॉट प्रदान करता है। ऑस्ट्रेलियाई संग्रहालय और यूएनएसडब्ल्यू सिडनी के डॉ. मैथ्यू मैककरी के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन के बाद उन्होंने कहा कि 15 मिलियन वर्ष पुराने मीठे पानी की मछली के जीवाश्म की खोज हमें ऑस्ट्रेलिया के प्राचीन पारिस्थितिकी तंत्र और इसकी मछली प्रजातियों के विकास को समझने का एक अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती है। विशेष रूप से 11-15 मिलियन वर्ष पहले मियोसीन युग के दौरान ओस्मेरिफ़ॉर्मेस समूह को।

### मछली की पूंछ से जुड़ा एक परजीवी भी देता है दिखाई

जीवाश्म की सबसे उल्लेखनीय विशेषताओं में से एक इसकी संरक्षित पेट की सामग्री है। शोधकर्ताओं को उसके पेट से छोटे प्रेत मिज लार्वा, मिला है। इससे भी अधिक असामान्य रूप से, एक परजीवी - एक किशोर मीठे पानी का मसल जिसे ग्लोकिडियम के रूप में जाना जाता है वह मछली की पूंछ से जुड़ा हुआ पाया गया। डॉ. मैककरी ने बताया, 'जीवाश्मों में से एक में मछली की पूंछ से जुड़ा एक परजीवी भी दिखाई देता है। यह एक किशोर मीठे पानी का मसल है जिसे ग्लोकिडियम कहा जाता है। ये किशोर मसल मछलियों के गलफड़ों या पूंछ से चिपक जाते हैं और धाराओं में ऊपर-नीचे सवारी करते हैं।

### मछली की पृष्ठीय सतह थी गहरे रंग की थी

जीवाश्म विलुप्त जलीय कशेरुकियों के बाहरी स्वरूप की एक दुर्लभ झलक भी प्रदान करता है। उच्च-रिज़ॉल्यूशन माइक्रोस्कोपी का उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने मेलानोसोम, वर्णक-उत्पादक संरचनाओं की पहचान की, जिन्होंने मछली के रंग पैटर्न को फिर से बनाने में मदद की। वहीं, कैनबरा विश्वविद्यालय और सीएसआईआरओ के डॉ. माइकल फ्रेज़ ने कहा, मछली की पृष्ठीय सतह गहरे रंग की थी, पेट पर रंग हल्का था और इसके किनारे पर दो धारियां थीं। यह जीवाश्म मछली में रंग निर्धारित करने के लिए मेलानोसोम्स के पहले ज्ञात उपयोग को चिह्नित करता है, एक तकनीक जिसका उपयोग पहले मुख्य रूप से पंख वाले डायनासोर के अध्ययन में किया जाता था। पत्थर में समाहित श्रद्धांजलि प्रजाति का नाम फेरुएस्पिस ब्रॉक्सी इसकी संरचना और एक प्रमुख योगदानकर्ता को श्रद्धांजलि दोनों को दर्शाता है। 'फेरु' लैटिन शब्द 'फेरम' से आया है, जिसका अर्थ है लोहा।

### ऑक्सबो झील में रहने वाले जीवों का चलता है पता

टीम ने साइट पर लोहे से भरपूर चट्टानों का संदर्भ देते हुए समझायाष नाम का दूसरा भाग, ब्रॉक्सी, ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जोचन जे. ब्रॉक्स को सम्मानित करता है, जिन्होंने मैकग्राथ्स फ़्लैट में जीवाश्म अन्वेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मैकग्राथ फ़्लैट में जीवाश्म एकत्र करना मेरे लिए हर साल एक मुख्य आकर्षण होता है। ब्रॉक्स ने कहा, जंग लगे लाल रंग के पत्थरों को चीरना एक प्राचीन किताब खोलने जैसा है, जिसमें लगभग 15 मिलियन साल पहले ऑस्ट्रेलियाई ऑक्सबो झील में रहने वाले जीवों का पता चलता है।

कला जगत

डॉ. सत्यभामा आडिल

## पंडवानी गायन और कापालिक शाखा




छत्तीसगढ़ अंचल में पंडवानी गायकी में महिलाओं का प्रवेश और कापालिक शाखा का उभरना लोककला के क्षेत्र में रोचक घटना है। कापालिक शाखा शैली में मस्तिष्क की कल्पना का सहारा लेकर खड़े होकर, अभिनयात्मक ढंग से पंडवानी गायकी प्रस्तुत की जाती है। इस शैली में महिलाएं आगे आई, इनमें तीजन बाई, पूर्णिमा बाई, प्रभा यादव, लक्ष्मी बाई और ऋतु वर्मा के साथ आजकल कई कलाकार इस शैली में बेहतर प्रस्तुति कर रहे हैं। कापालिक शैली में अभिनय तत्व की प्रधानता होती है तथा अनेक काल्पनिक कथाएं एवं वर्तमान देश काल परिस्थिति के अनुसार उपदेशात्मक तत्व भी जोड़ दिए जाते हैं। पंडवानी गायकी में अभिनय तत्व को जोड़कर पौरूष और ओज की बानगी देने वाली तीजन बाई ने विदेशों में नाम कमाया। महिला होने के नाते, पौरूष युक्त अभिनय का आकर्षण, मनोरंजन व औत्सुक्य का, कला के साथ जोड़ने का काम किया। पंडवानी गायन में आज मनोरंजन अधिक आ गया है। आध्यात्मिक भाव व उदात्तता विलुप्त हो गई। तंबूरा (इकतारा) बजाया नहीं जाता। तंबूरा को शो पीस की तरह पकड़ा जाता है। इन सब दोषों के समाविष्ट हो जाने से पंडवानी का शुद्ध रूप दिखाई नहीं देता। परंतु पंडवानी गायन की लोकप्रियता बरकरार है। पहले भक्ति भाव की प्रधानता थी। धीरे धीरे मनोरंजन तत्व की प्रधानता हो गई।

संस्कृति

कमलेश यादव

## कल्पवृक्ष की तरह पूजते हैं सल्फी के पेड़ को



बस्तर अंचल के ग्रामीण जन सल्फी के पेड़ को कल्प वृक्ष मानते हैं, क्योंकि यह एक रसदार वृक्ष होता है, इतना ही यहां के निवासियों के लिए यह पेड़ आर्थिक संसाधन का महत्वपूर्ण अंग होता है। सल्फी को आदिवासी प्रकृति प्रदत्त मानते हैं इसे वे आकाशवाणी, आकाशगंगा और आकाशपानी भी कहते हैं। कई परिवारों की रोजी रोटी इसी पेड़ से चलती है। जब किसी परिवार में अचल संपत्ति का बंटवारा होता है उसमें सल्फी पेड़ को भी शामिल किए जाते हैं। जब बेटी का विवाह होता है तब वर पक्ष को सल्फी पेड़ को दहेज में देने की प्रथा है। दंडाभी मारिया जाति के लोग अपने ही सल्फी वृक्ष के रस का पान करना उन्हें अच्छा लगता है। आदिवासी सल्फी वृक्ष को कामिनी कन्या वर्ण का मानते हैं, जिसकी पवित्रता का पूरा ध्यान रखा जाता है। इस पेड़ के रोपण, पेड़ से रस निकालने और सेवन में विधि विधान का पूरी तरह से पालन करते हैं। पेड़ के उपयोग में रस्म निभाने में कोई कमी नहीं करते। पेड़ से रस निकालने की प्रक्रिया एक जानकर व्यक्ति द्वारा ही सुनिश्चित किया जाता है। वृक्ष के आसपास रोज गोबर से लीप कर साफ सुथरा रखा जाता है और जरूरत पड़ने पर घेरा भी बनाई जाती है। 30 से 40 फुट तक ऊंचाई वाले इस वृक्ष से रस निकालने हेतु बांस का उपयोग किया जाता है जिसे टेंगी कहा जाता है। सल्फी को तुंबा या तुमड़ी में एकत्र की जाती है। एकत्र सल्फी के उपयोग के लिए पत्तों की कटोरी बनाई जाती है। सल्फी से संबंधित और अनेक धार्मिक मान्यताएं यहां प्रचलित हैं, जिसे अंचल के लोग आज भी विधि विधान से पूरी करते हैं।

चिन्हारी

बद्री प्रसाद पारकर

## नंदावत हे अब सील लोढ़हा



गरमी घरी पहली आमा बजार या पेड़ में देखथन त आमा के सील लोढ़हा में पीसे आमा के चटनी के सुरता आ जथे। पहली महतारी घर के नोनी मन कच्चा आमा ल हंसिया में छोल के छोटे छोटे चानी बना के सील में रख के वोला कुचरतीन, वोमें लसुन, प्याज, लाली या हरियर मीरचा, गड़ा नून ल डार पिसतिन तब आमा के चटनी के सुवाद के का पूछना। अंगरी ल चाटत चाटत हाथ ल लोगन चाट डरत रिहिन। ये आमा के चटनी संग बासी खाए के मजा ह कुछ अलगे रीहिस। वइसने सील लोढ़हा के पताल के चटनी खाए के मजा खूब आय, फेर चिरपोटी बंगाला चटनी के सुवाद के बात अलगे रीहिस। सील लोढ़हा के जब गोठ चलत हे तब जानन पहिली पीसे हरदी के जगा गांठ हरदी के उपयोग होय। हरदी, मिर्ची येल सील लोढ़हा में पीस के साग में डारे जाय। सील लोढ़हा के उपयोग ले तन में खून के हलचल घलव बने होते रीहिस। अब रेडीमेड जीनिस के उपयोग होवत हे। मिक्सी के उपयोग पीसे बर होवत हे। आजकाल के साग भाजी में एकर सेती सुवाद देखे बर नी मिले। हमर मन के अलाली ह आनी बानी के रूप में हमर आगू में आवत हे।

छत्तीसगढ़ के कभी चर्चित रहे लोक नाट्य रहस अब विलुप्त होने के कगार पर है इसके पीछे अनेक कारण नजर आते हैं। कहीं कहीं खासकर बिलासपुर अंचल में ही इस लोक नाट्य को देखा जा सकता है। लोक नाट्य रहस में सर्वप्रथम लहरा होता है जिसमें सूत्रधार भगवान गणेश और मां सरस्वती की प्रतिमा लाकर मंच के चारों ओर घूम घूम कर वंदना करता है ताकि रहस यज्ञ में कोई बाधा न आए।



# लोक नाट्य रहस में लहरा



लोक नाट्य : डा. तृषा शर्मा

रहस के नाटकीय ताना बाना का जादुई संसार यही से बनना प्रारंभ होता है। रहस नाट्य विधा यज्ञ की परम्परा से जुड़ी होकर इतर कालीन नाट्य चिंतकों की परिकल्पनाओ का केन्द्र है। पूर्व रंग में लहरा है, देवी देवताओं का आव्हान है, कला - कलाकार और दर्शकों के मध्य सीधा संवाद है। रहस में लोक नाट्य से जुड़ी परंपराएं, लोक मंगल की कामनाएं हैं। कलाकार की प्रतिबद्धता कथा, मंच और दर्शक के प्रति है। कृष्ण के दर्शन को आए शंकर मंच के नीचे दर्शकों के बीच अलख जगाते हैं। एक ही पात्र बिना वेशभूषा में परिवर्तन किए कई पात्रों को एक ही समय और एक ही प्रसंग में अभिनीत करता है। कृष्ण की माखन चोरी की शिकायत करने गोपियां यशोदा के पास जाती हैं। मंच पर कृष्ण और उनके सखा के अतिरिक्त केवल चार गोपियां हैं। चारों अभी नृत्य कर रही थीं। व्यास के माखन चोरी के प्रसंग का आख्यान प्रारंभ करते ही वे गोपियां बन गई। यशोदा कृष्ण का पक्ष ले रही हैं। शेष गोपियां उलाहना दे रही हैं।

मंच के एक ओर कंस का दरबार लगा है। श्रीधर ब्राह्मण कृष्ण को मारने की अनुमति लेने कंस के पास आया है। मंच के दूसरी ओर कृष्ण छोटे से पालने में अधलेटे से बैठे हैं। श्रीधर कृष्ण को मारने जाता है। कृष्ण के जीभ उमेठने के बाद श्रीधर ब्राह्मण के अभिनय को देख दर्शक गण हंस रहे हैं। मंच के एक किनारे बैठा कंस भी हंस रहा है। श्रीधर ब्राह्मण जब कंस के पास जाता है तो कंस की मुखाकृति आक्रोश और अजीब से भय से भरी दिखती है। पूतना कृष्ण को मारने जाती है। वह मुखौटा लगाई है यशोदा के घर पहुंचने के पहले वह सोचती है कि एक सुंदर स्त्री बन कर जाना ही ठीक रहेगा। वह मुखौटा वहीं उतार देती है। जब कृष्ण द्वारा मारी जाती है तब वह मुखौटा फिर लगा लेती है। इस तरह रहस के कलाकारों की नैसर्गिक क्षमता ही महत्वपूर्ण है। वह एक मायावी संसार की रचना करता है। दर्शकों के साथ दर्शक की तरह भागीदारी करता है और अपनी कला द्वारा आनन्द प्रदान करता है। अपने पात्र को जीते हुए भी उससे तटस्थता बनाए रखता है।

गांव की कहानी : ऋषिराज पांडेय

## राजवंश को स्मरण कराता ग्राम कुटेलागढ़



वर्तमान सरायपाली से 3 कि मी दूरी पर दक्षिण दिशा की ओर जाने वाली बस्तीपाली मार्ग के बाई ओर कुटेलागढ़ स्थित है। यह सामान्य मैदानी गढ़ है जिसका निर्माण भैना राजवंशों ने किया था, जो आज भी विगत वैभव का स्मरण कराता है। उस कालखंड में शिवरीनारायण से सराईपाली, पदमपुर, नृसिंहनाथ प्रमुख मार्ग था। साथ ही फुलझर नरेश ने अपने किसी स्वजातीय विश्वस्त को इस गढ़ का सामंत बनाया था। इस ग्राम के प्रमुख देव का नाम कोटलापाट है। आज भी ग्रामवासी ग्राम के मध्य एक सामान्य प्रस्तर खंड को कोटला पाट देवता के रूप में मानते आ रहे हैं। कालांतर में गोंड शासन काल में इस ग्राम का नाम स्वतंत्र रूप से कुटेला पड़ गया होगा। राजस्व व्यवस्था के अनुरूप आज इसका नाम स्वतंत्र रूप से कुटेला है। गोंडो के मरई गोत्र के छत्रप ने भैनों को पराजित कर इस गढ़ पर अपना प्रभुत्व स्थापित किया था। वर्तमान में अघरिया जाति के मालगुजार के वंशज यहां निवास करते हैं।

सुरता

डा. परदेशी राम वर्मा

## अच्छे संगीतकार के रूप में सदैव जाने जाएंगे मुरली चंद्राकर

छत्तीसगढ़ अंचल के जाने माने संगीतकार का जन्म दुर्ग जिले के औरी ग्राम में 1932 को हुआ था। इनका कलात्मक संस्कार अर्जुन्दा ग्राम में फलीभूत हुआ। दाऊ रामचन्द्र देशमुख और दाऊ महासिंह चंद्राकर का सानिध्य कला क्षेत्र में आपको मिला। इस क्षेत्र में मुकाम तक पहुंचने के लिए संघर्ष करने में आप सदैव लगे रहते थे। आपका परिश्रम रंग लाया और छत्तीसगढ़ी लोक गीत और संगीत संयोजन में अपनी अमिट छाप छोड़ी। आप भिलाई के सुप्रसिद्ध तबला वादक जगन्नाथ भट्ट के शिष्य थे। राष्ट्रीय विद्यालय दुर्ग और इसके बाद भिलाई इस्पात संयंत्र में शिक्षकीय दायित्व से 1990 को मुक्त हुए। आपने अजगर जी के साथ आरी तरंग, जल तरंग बजाते हुए संगीत के बहाने खूब रियाज किया। माता सेवा, भजन आदि से गुजरते हुए तबले की शास्त्रीयता तक आए।



आप एक कवि के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। सोनहा बिहान में ' एसन छत्तीसगढ़िया बोली के भेद कइसे बतावव ' गीत से जो लेखन प्रारंभ हुआ तो सरस गीतों की यात्रा ही चल निकली। कारी ' का चर्चित गीत तोर सुरता मा गुने ला भईगे करिया, मोला अलिन, गलिन मा सुने ला भईगे करिया की प्रभाविष्णुता को पचास साठ हजार ग्रामीण दर्शकों की सीधी प्रतिक्रिया से गुजरकर ही कोई समझेगा।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

ऐतिहासिक

घनश्याम सिंह नाग

## कुम्हड़ाकोट की पहचान धरोहर के रूप में

राजा विहीन बस्तर के बड़े डोंगर में अठारह गढ़ के मांझी, मुखिया और आम जनों की बैठक राजा बनाने हेतु की गई। गहन चिंतन मनन कर निर्णय लिया गया कि जल्द ही एक योग्य राजा की तलाश की लिए कुछ प्रमुख लोगों की कमेटी बनाई गई। जिम्मेदार लोग दाल चावल आदि खाद्य समग्री लेकर राजा की तलाश में निकल पड़े।

दूर दूर तक तलाश करते राजा की खोज में ओड़िशा राज्य तक पहुंच गए, किन्तु कहीं भी राज चलाने योग्य कोई व्यक्ति नहीं मिला। खोजबीन में काफी दिन बीत चुके थे, राशन आदि भी समाप्ति की ओर था। थक हार कर लोग वापस बड़े डोंगर लौट रहे थे। रास्ते में भोजन और विश्राम के लिए एक पेड़ के नीचे रुके और भोजन बनाने की तैयारी शुरू हुई। दो लोग सब्जी की खोज में निकले। कुछ दूर जाने के बाद उन्हें एक झोपड़ी में बुढ़िया और उसकी बाड़ी में कुम्हड़ा दिखाई दी। बुढ़िया से कुम्हड़ा खरीद कर अब लोग वापस आए। जब कुम्हड़ा को सब्जी बनाने के लिए छूरी से काटने लगे, तभी अंदर से आवाज आई, संभलकर काटना कहीं मुझे छूरी न लग जाए। कुम्हड़ा काटने वाला चौंक कर इधर उधर देखा तो साथियों के अलावा कोई अन्य आदमी नहीं दिखा। पुनः कुम्हड़ा को काटने लगे, फिर अंदर से वही आवाज आई। लोगों में आश्चर्य और उत्सुकता का वातावरण बन गया। धीरे धीरे इस सब्जी को काटने पर अंत में एक मानव शिशु दिखाई दिया। कुछ हो क्षण में वह बाहर आया और बढ़ने लगा तथा देखते ही देखते बालक से जवान हो गया। खोजी दल के सारे सदस्य इस चमत्कार से प्रसन्न हुए और मान लिए यही युवक राज चलाने लायक हो सकता है। उस युवक को अपने साथ लेकर आए और बैठक में लोगों को सारी घटनाओं से अवगत कराए। घटना की जानकारी सभी को होने के बाद सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि युवक सर्वथा योग्य है इन्हें राजा बना दिया जाए। इसके बाद राजतिलक कर युवक को राजा बनाया गया, जो कुम्हड़ाकोटिया राजा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। जिस स्थान पर बालक कुम्हड़ा से प्रकट हुआ, वह स्थान जगतू गुड़ा के पास था जो आज कुम्हड़ाकोट के नाम से जाना जाता है। बस्तर की राजधानी जगदलपुर स्थानांतरित होने के बाद कुम्हड़ाकोट की पहचान एक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में बन गई है।



## जलवायु परिवर्तन के कारण अधिक गर्मी पड़ने की संभावना

# भारत इस साल गर्मी में दस प्रतिशत अधिक बिजली मांग के लिए तैयार रहेः विशेषज्ञ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में इस साल अधिक गर्मी पड़ने के मौसमी अनुमानों को देखते हुए विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि भारत को इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग में नौ से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। पिछले साल अखिल भारतीय स्तर पर बिजली की अधिकतम मांग 30 मई को 250 गीगावाट को पार कर गई थी जो अनुमान से 6.3 प्रतिशत अधिक थी।

- पिछले साल बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट को पार कर गई

जलवायु परिवर्तन से प्रेरित गर्मी का तनाव बिजली की मांग को बढ़ाने वाले प्रमुख कारकों में से एक है। वर्तमान में उद्योग, घरेलू उपभोग और कृषि क्षेत्र की कुल बिजली खपत में क्रमशः 33 प्रतिशत, 28 प्रतिशत और 19 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

**खास बातें**

- बिजली की मांग अनुमान से 6.3 प्रतिशत अधिक रही
- वर्तमान में उद्योगों की खपत भागीदार 33 प्रतिशत है



### घरेलू बिजली की मांग तेजी से बढ़ी

दिल्ली स्थित शोध संस्थान 'काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर' में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रमुख दिशा अग्रवाल के मुताबिक, पिछले एक दशक में घरेलू बिजली की मांग सबसे तेजी से बढ़ी है। घरेलू बिजली की खपत का हिस्सा 2012-13 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 25 प्रतिशत हो गया।

### एसी की बिक्री में 40 से 50 फीसदी तक वृद्धि

*यह तेजी आर्थिक वृद्धि और बढ़ते तापमान के कारण घरों एवं दफ्तरों को ठंडा रखने की बढ़ती जरूरतों के कारण है। अग्रवाल ने कहा कि 2024 की गर्मियों में रिकॉर्डतोड़ तापमान के बीच कमरे के एयर कंडीशनर की बिक्री में सालाना आधार पर 40-50 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।*

### चरम मांग थोड़े समय तक ही होगी

*अग्रवाल ने कहा, "भारत को अब लंबी गर्मी और 9-10 प्रतिशत की बिजली की मांग में वृद्धि के लिए तैयार रहना चाहिए। हालांकि, हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि यह चरम मांग केवल थोड़े समय तक ही रहेगी।" अग्रवाल ने कहा कि भारत की बिजली की खपत 2020-21 से सालाना लगभग नौ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जबकि इससे पहले के दशक में यह पांच प्रतिशत प्रति वर्ष थी।*

### एसी की बढ़ती मांग को लेकर चिंता

पिछले सप्ताह नैचुरल रिसोर्स डिफेंस काउंसिल की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में विशेषज्ञों ने गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने के कारण एयर कंडीशनिंग की मांग बढ़ने को लेकर चिंता जताई। विश्व बैंक में दक्षिण एशिया के लिए ढांचागत नीति एवं वित्त के प्रबंधक आभास झा ने कहा कि मध्यम उत्सर्जन परिदृश्य के तहत, भारत में लू चलने के मामले तिगुना होने के आसार हैं।

### हर 15 सेकंड में भारत में एक एसी बिकता है

झा ने कहा, "भारत वैश्विक स्तर पर एयर कंडीशनर (एसी) का सबसे बड़ा बाजार बनने के लिए तैयार है। हर 15 सेकंड में भारत में एक एसी बेचा जाता है। देश में एसी की पहुंच वर्तमान में लगभग आठ प्रतिशत है जबकि विकसित देशों में यह 90 प्रतिशत है। ऐसे में भारत में एसी की पहुंच बढ़ने जा रही है।"

# 1 मई से एटीएम से पैसा निकालने और बैलेंस चेक करने पर ज्यादा लगेगा चार्ज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एक मई से एटीएम इस्तेमाल करने वालों को थोड़ा ज्यादा पैसा देना पड़ सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एटीएम इंटरचेंज फीस बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इसका मतलब है कि अगर आप अपने बैंक के अलावा किसी और बैंक के एटीएम से पैसे निकालते हैं या बैलेंस चेक करते हैं तो आपको ज्यादा चार्ज लगेगा। व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटर्स के कहने पर और आरबीआई की मंजूरी के बाद ये बदलाव होने जा रहा है। 1 मई से एटीएम इस्तेमाल करने पर लगने वाले चार्ज बढ़ जाएंगे। कैश निकालने का चार्ज 17 रुपए से बढ़कर 19 रुपए हो जाएगा। बैलेंस चेक करने का चार्ज 6 रुपए से बढ़कर 7 रुपए हो जाएगा। ये चार्ज तब लगेंगे जब आप महीने में मिलने वाली मुफ्त लिमिट खत्म कर लेंगे। मेट्रो शहरों में पांच और नॉन-मेट्रो शहरों में तीन मुफ्त ट्रांजैक्शन मिलते हैं।

### बढ़ोतरी आरबीआई की मंजूरी से

यह बढ़ोतरी आरबीआई की मंजूरी से की गई है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के एक प्रस्ताव पर यह आधारित है। व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटर्स फीस बढ़ाने के लिए दबाव डाल रहे थे। उनका कहना था कि पुरानी फीस से बढ़ते खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

**एटीएम चार्ज बढ़कर 19 रुपए होगा, बैलेंस चेक करने का चार्ज 7 रुपए हो जाएगा**



### क्या कहते हैं नए नियम?

- कैश निकालने का चार्जः 17 रुपए (पहले)
  19 रुपए प्रति ट्रांजैक्शन
- बैलेंस इंक्वायरी फीसः 6 रुपए (पहले)
  7 रुपए प्रति ट्रांजैक्शन

### कब किन पर लागू होगा?

1 मई 2025 से यह नियम उन लोगों पर लागू होगा जो महीने में मिलने वाली मुफ्त लिमिट से ज्यादा ट्रांजैक्शन करते हैं। मेट्रो शहरों में पांच और नॉन-मेट्रो शहरों में तीन मुफ्त ट्रांजैक्शन मिलते हैं।

### छोटे बैंकों पर होगा ज्यादा असर

छोटे बैंकों पर इसका ज्यादा असर पड़ेगा। कारण है कि वे अपने सीमित एटीएम नेटवर्क के कारण दूसरे बैंकों के एटीएम पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। इंटरचेंज फीस बढ़ने से ग्राहकों पर सीधा असर पड़ेगा। इंटरचेंज फीस वह रकम है जो एक बैंक दूसरे बैंक को तब देता है जब कोई ग्राहक दूसरे बैंक का एटीएम इस्तेमाल करता है। ज्यादा चार्ज लगने से बचने के लिए एटीएम का ज्यादा इस्तेमाल करने वाले लोग अपने बैंक के एटीएम का इस्तेमाल कर सकते हैं। वे डिजिटल पेमेंट के तरीके भी अपना सकते हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं से जीडीपी को तीन फीसदी नुकसान

## केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने एएमसीएचएएम के कार्यक्रम में कहा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश में सालाना करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और इस वजह से भारत को हर साल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का तीन प्रतिशत नुकसान हो रहा है।

- पेश में सालाना करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती है

सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडिया (एएमसीएचएएम) के एक कार्यक्रम में यह बात कही। गडकरी ने 'सड़क सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेपः अमेरिका-भारत साझेदारी' शीर्षक वाले कार्यक्रम में कहा कि देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण समस्या सड़क दुर्घटनाएं हैं।



### 10 हजार मौतें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की

गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल 4,80,000 दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के 1.88 लाख लोग मारे जाते हैं। मंत्री ने चिंता जताते हुए कहा कि 10,000 मौतें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की होती हैं।

### कारण खराब विस्तृत रिपोर्ट

गडकरी ने कहा, "यह प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों में एक है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम सड़क दुर्घटनाओं के कारण जीडीपी का तीन प्रतिशत हिस्सा खो रहे हैं।" केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में खराब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी एक है।

### लागत बचाने के कारण गंभीर हादसे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "डीपीआर सलाहकार सड़क दुर्घटनाओं के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। कभी-कभी लागत बचाने, अन्य विभिन्न कारणों और गैर-गंभीर नजरिये के कारण ऐसा होता है।" गडकरी ने कहा कि जो भी सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करेगा, सरकार ने उसे 25,000 रुपये का पुरस्कार देने का फैसला किया है।

### भर्ती पर इलाज के लिए डेढ़ लाख

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "अगर कोई व्यक्ति दुर्घटना के बाद किसी अस्पताल में भर्ती होता है... तो हम उसे इलाज के लिए अधिकतम 1.5 लाख रुपये या सात साल तक इलाज का खर्च दे सकते हैं।" केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारी माल वाहक भी कई बार सड़क हादसों का कारण बनते हैं। उनकी कोशिश है कि सामान की ढुलाई के लिए सड़क की जगह समुद्री रास्ते और ट्रेनों का इस्तेमाल किया जाए।




### आरबीआई ने 10 अरब डॉलर मूल्य की मुद्रा अदलाबदली की

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय प्रणाली में लंबी अवधि की तरलता बढ़ाने के लिए 10 अरब डॉलर मूल्य के अमेरिकी डॉलर एवं रुपये की अदलाबदली की। इस नीलामी को जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली। आरबीआई ने बयान में कहा कि इस नीलामी के पहले चरण का निपटान 26 मार्च को और दूसरा 27 मार्च को संपन्न होगा। तीन साल की अवधि के लिए अमेरिकी डॉलर/ भारतीय रुपये की खरीद/बिक्री अदलाबदली नीलामी को 2.23 गुना अभिदान मिला।



HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

शाखाः अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्री परचुरे प्रवीर,** मकान 99/48, खसरा 99/48, प.ह.नं.104/53, मौजा डुमरतालाब, शहीद भगत सिंह वार्ड क्रमांक 13, रायपुर-492001.<br>**श्री परचुरे प्रवीर** पिता अमर परचुरे मकान नं. 14, स्टेट बैंक कॉलोनी, हीरापुर रोड, मोहोबा बाजार, टाटीबंध रायपुर, 492099.<br>**श्री परचुरे प्रवीर,** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, देवेन्द्र नगर, साई मंदिर के पास, रायपुर.<br>**श्री परचुरे अमर,** मकान 99/48, खसरा 99/48, प.ह.नं.104/53, मौजा डुमरतालाब, शहीद भगत सिंह वार्ड क्रमांक 13, रायपुर-492001.<br>**श्री परचुरे अमर** पिता अमर परचुरे मकान नंबर 14, स्टेट बैंक कॉलोनी, हीरापुर रोड, मोहोबा बाजार, टाटीबंध, रायपुर, 492099. | ₹5,83,610/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹93,825.93/- As on 23-Jan-2025 | 20-Feb-2025 | आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा एवं पार्सल भाग जिसका मकान 99/48, खसरा 99/48, प.ह.नं.104/53, मौजा डुमरतालाब, शहीद भगत सिंह वार्ड नं.13, रायपुर-492001 में |
| 2. | **श्री कुमार विनीत,** कृष्णा ग्रांड सिटी, ब्लॉक बी, फ्लैट-किंग्स्टन-06, फ्लोर-3, क्रमांक, ख.नं. 262/1, 262/2, 636/9, 637, 638, 639/2, 56/13, प.ह.नं. 14, ग्राम कोहका, भिलाई, दुर्ग-491001.<br>**श्री कुमार विनीत,** मेटेक्स इंजीनियर्स, प्लॉट नंबर 10-11, गणेश कॉम्प्लेक्स, शक्ति विहार, रिसाली-दुर्ग-494337.<br>**श्रीमती कुमार वनिता,** कृष्णा ग्रांड सिटी, ब्लॉक बी, फ्लैट-किंग्स्टन-06, फ्लोर-3, क्रमांक, ख.नं. 262/1, 262/2, 636/9, 637, 638, 639/2, 56/13, प.ह.नं. 14, ग्राम कोहका, भिलाई, दुर्ग-491001.<br>**श्रीमती पातुरकर जूही अमोल,** कृष्णा ग्रांड सिटी, ब्लॉक बी, फ्लैट-किंग्स्टन-06, फ्लोर-3, क्रमांक, ख.नं. 262/1, 262/2, 636/9, 637, 638, 639/2, 56/13, प.ह.नं. 14, ग्राम कोहका, भिलाई, दुर्ग-491001.<br>**श्रीमती पातुरकर जूही अमोल,** प.नं 164, वेलकम को-ऑप सोसायटी, दुर्गा माता मंदिर के पास, नागपुर, -440013. | ₹18,29,185/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹7,05,992.07/- As on 23-Jan-2025 | 20-Feb-2025 | आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा और पार्सल भाग, कृष्णा ग्रांड सिटी ब्लॉक बी, फ्लैट-किंग्स्टन-06, फ्लोर-3, स.क्र., ख. नं. 262/1, 262/2, 636/9, 637, 638, 639/2, 56/13, प.ह.नं. 14, ग्राम कोहका, भिलाई, दुर्ग. |
| 3. | **श्री कलीम अब्दुल,** प्लॉट 544, खसरा नंबर 254/94, मकान प.ह.नंबर 17, मौजा बिल्हा, बिलासपुर-छ.ग., छत्तीसगढ़-495224<br>**श्री कलीम अब्दुल,** मकान नंबर 80, शास्त्री नगर वार्ड नंबर 01 बिल्हा, बिलासपुर-छ.ग., 495224.<br>**श्री कलीम अब्दुल,** फैंसी स्टोर, हाउस ऑफ मस्जिद, हाउस ऑफ मस्जिद, वार्ड नंबर 10, बिल्हा, बिलासपुर-छ.ग.-495224.<br>**श्रीमती सायबी,** प्लॉट 544, खसरा नंबर 254/94, मकान प.ह.नंबर 17, मौजा बिल्हा, बिलासपुर-छ.ग., छत्तीसगढ़-495224.<br>**श्रीमती सायबी,** मकान नंबर 80, शास्त्री नगर वार्ड नंबर 01 बिल्हा, बिलासपुर-छ.ग., 495224. | ₹ 9,89,806/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹3,21,088.68/- As on 23-Jan-2025 | 20-Feb-2025 | आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा और पार्सल, प्लॉट 544, खसरा नंबर 254/94, हाउस प.ह.नंबर 17, मौजा बिल्हा, बिलासपुर-छत्तीसगढ़. |
| 4. | **श्री साहा अजीत कुमार,** प्लॉट 25, खसरा 5924/1(भाग)पुराना, 5924/5, प.ह.नं. 55/14/19, मौजा, कोहका, मकान नंबर, जिला दुर्ग, आर्य नगर, दुर्ग-490023.<br>**श्री साहा अजीत कुमार,** 118, गली नंबर-07, चंद्र नगर, वार्ड-14, कोहका, सुपेला भिलाई, भिलाई-490023<br>**श्री साहा अजीत कुमार,** निजी अस्पताल-यशोदा नंदन चिल्ड्रन हॉस्पिटल, स्टेशन रोड, सिंध कॉलोनी, हीरो होंडा शो रूम, दुर्ग-491001.<br>**श्रीमती साहा सत्तामी,** प्लॉट 25, खसरा 5924/1(भाग)पुराना, 5924/5, प.ह.नं. 55/14/19, मौजा, कोहका, मकान नंबर, जिला दुर्ग, आर्य नगर, दुर्ग-490023.<br>**श्रीमती साहा सत्तामी,** 118, स्ट्रीट नं-07, चंद्र नगर, वार्ड-14, कोहका, सुपेला भिलाई, भिलाई-490023.<br>**श्रीमती टोपनो सिसिलिया,** प्लॉट 25, खसरा 5924/1(भाग)पुराना, 5924/5, प.ह.नं. 55/14/19, मौजा, कोहका, मकान नंबर, जिला दुर्ग, आर्य नगर, दुर्ग-490023.<br>**श्रीमती टोपनो सिसिलिया,** 118, स्ट्रीट नंबर-07, चंद्र नगर, वार्ड-14, कोहका, सुपेला भिलाई, भिलाई-490023. | ₹ 13,36,253/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 1,13,757.08/- As on 23-Jan-2025 | 20-Feb-2025 | आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा और पार्सल, प्लॉट 25, खसरा 5924/1(भाग) पुराना, 5924/5, प.ह.नं. 55/14/19, मौजा, कोहका, हाउस नं., जिला दुर्ग, आर्य नगर, दुर्ग-490023. |
| 5. | **श्री लाल पीताम्बर (उधारकर्ता),** वॉलफोर्ट अलांसिया, यूनिट-बी-04, स.क्र., ख. नं. 335/1-2-12-16-17 से 20, 338/1 से 6, 339/2-3, 342/1-2-4, 343/1 से 4, 344/6, 411/1-2, 418 से 421, 422/1-2; सरोना रायपुर, छत्तीसगढ़-492001<br>**श्री लाल पीताम्बर (उधारकर्ता),** केबीटी 158, गुरुनानक चौक, कबीर नगर, रायपुर, 492099.<br>**श्री लाल पीताम्बर (उधारकर्ता),** वीएनआर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेंटर, कैनाल रोड क्रॉसिंग, रिंग रोड नंबर 1, रायपुर, 492001.<br>**श्रीमती लाल दिशा (सह-उधारकर्ता),** वॉलफोर्ट अलांसिया, यूनिट-बी-04, क्रमांक, ख. क्रमांक 335/1-2-12-16-17 से 20, 338/1 से 6, 339/2-3, 342/1-2-4, 343/1 से 4, 344/6, 411/1-2, 418 से 421, 422/1-2; सरोना रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.<br>**श्रीमती लाल दिशा (सह-उधारकर्ता),** केबीटी 158 गुरुनानक चौक, कबीर नगर, रायपुर, 492099. | ₹33,93,746/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 2,99,274.58/- As on 23-Jan-2025 | 20-Feb-2025 | आवासीय संपत्ति का आंशिक व पूर्ण भाग, वॉलफोर्ट एलांसिया, यूनिट-बी-04, स.क्र., ख.नं. 335/1-2-12-16-17 से 20, 338/1 से 6, 339/2-3, 342/1-2-4, 343/1 से 4, 344/6, 411/1-2, 418 से 421, 422/1-2; सरोना रायपुर, छत्तीसगढ़ में |
| 6. | **श्री जैन लक्ष्मी कांत,** हाउस खसरा क्रमांक 183/11, खसरा, 183/11, प.ह.नं. 00049, ग्राम, गुढ़ियारी, आर.एन.एम 4, रायपुर वार्ड-नंबर 15, रायपुर-492001.<br>**श्री जैन लक्ष्मी कांत,** नगर निगम के पास, गंगा मेडिकल के सामने, कन्हैया लाल बंजारी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001&<br>**श्री जैन लक्ष्मी कांत,** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमि., पहली मंजिल, ब्लॉक ए 1, पुजारी चैंबर, एनएच-43, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका-रायपुर-492001.<br>**श्रीमती जैन तारा,** हाउस खसरा क्रमांक 183/11, खसरा, 183/11, प.ह.नं. 00049, ग्राम, गुढ़ियारी, आर.एन.एम 4, रायपुर वार्ड-नंबर 15, रायपुर-492001.<br>**श्रीमती जैन तारा,** नगर निगम के पास, गंगा मेडिकल के सामने, कन्हैया लाल बंजारी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. | ₹ 14,67,389/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹4,12,561.59/- As on 04-Feb-2025 | 28Feb-2025 | आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा और पार्सल, मकान ख.नं. 183/11, खसरा, 183/11, प.ह.नं. 00049, ग्राम, गुढ़ियारी, आर.एन.एम. 4, रायपुर वार्ड-नं.15, रायपुर छत्तीसगढ़. |
| 7. | **श्री लहेजा हेमंत,** शिवा प्राइम, ब्लॉक बी, फ्लैट-बी-303, फ्लोर-3, स.क्र., खसरा 67,69/5, प.ह.नं. 113/44; ग्राम- पुरैना; तहसील, जिला- रायपुर-492001.<br>**श्रीमती लहेजा पूजा,** शिवा प्राइम, ब्लॉक बी, फ्लैट-बी-303, फ्लोर-3, स.क्र., खसरा 67,69/5, प.ह.नं. 113/44; ग्राम- पुरैना; तहसील, जिला- रायपुर-492001. | ₹32,68,135/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 9,86,957.33/- As on 04-Feb-2025 | 28Feb-2025 | आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा और पार्सल, शिवा प्राइम ब्लॉक बी, फ्लैट-बी-303, फ्लोर-3, एस.नं., खसरा 67, 69/5, प.ह. नं., 113/44; ग्राम-पुरैना; तहसील एवं जिला- रायपुर-छ.ग. |
| 8. | **श्री सोनी अमितेश,** सिमरन रेजीडेंसी, यूनिट-26, खसरा नंबर 172/2-9-23, 166/2-9-23, 167/7-16-17-18, 168/7-18, प.ह.नं. 109, दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर छ.ग.-रायपुर.<br>**श्री सोनी अमितेश,** फ्लैट नंबर 205, जीवन निकेतन, राजीव नगर, रायपुर-492001.<br>**श्रीमती सोनी तृप्ति,** सिमरन रेजीडेंसी, यूनिट-26, खसरा नंबर 172/2-9-23, 166/2-9-23, 167/7-16-17-18, 168/7-18, प.ह.नं. 109, दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर छ.ग.-रायपुर.<br>**श्रीमती सोनी तृप्ति,** फ्लैट नंबर 205, जीवन निकेतन, राजीव नगर, रायपुर-492001.<br>**श्री सोनी अभिनव (जमानतदार)** रामसागर पारा, हनुमान मंदिर के पीछे, शीतला मंदिर के पास, रामसागर पारा-रायपुर-छत्तीसगढ़-492001. | ₹36,91,650/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 76,225.85/- As on 04-Feb-2025 | 28Feb-2025 | आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा और पार्सल।सिमरन रेजीडेंसी, यूनिट-26, खसरा नं. 172/2-9-23, 166/2-9-23, 167/7-16-17-18, 168/7-18, प.ह.नं. 109, दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर छ.ग. |
| 9. | **श्री कुंडू संजय (उधारकर्ता),** चौहान ग्रीन वैली, ब्लॉक बी, सी, फ्लैट नंबर 19, 5वीं मंजिल, ब्लॉक बी-16, स.क्र., ख.नं. 34, 42, 43/2, 44, 45, 45, 56, 195, 229, 196, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001.<br>**श्रीमती कुंडू शर्मिला (सह-उधारकर्ता),** चौहान ग्रीन वैली, ब्लॉक बी, सी, फ्लैट नंबर 19, 5वीं मंजिल, ब्लॉक बी-16, स.क्र., ख.नं. 34, 42, 43/2, 44, 45, 45, 56, 195, 229, 196, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001.<br>**श्री कुंडू संजय (उधारकर्ता),** फ्लैट नंबर-302, राधिका हाइट्स, पुष्पक नगर, मेन रोड, भिलाई-छत्तीसगढ़-490020.<br>**श्रीमती कुंडू शर्मिला (सह-उधारकर्ता),** फ्लैट नंबर-302, राधिका हाइट्स, पुष्पक नगर, मेन रोड, भिलाई-छत्तीसगढ़-490020. | ₹ 3,52,523/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 2,89,040.64/- As on 26-12-2024 | 14-02-2025 | आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा और पार्सल फ्लैट, अर्ध निर्मित अपार्टमेंट/फ्लैट नंबर 19 (3 बीएचके), ब्लॉक- 'बी 16" के पांचवें तल पर, 'ब्लॉक-बी 16" के रूप में ज्ञात परिसर में 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली) भिलाई, चौहान टाउन, खम्हरिया और जुनवानी के सामने, प.ह.एन.-15/21, खसरा नंबर-के-223 और 224 भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है। |
| 10. | **श्री पांडा आलोक कुमार (उधारकर्ता),** आनंदम वर्ल्ड सिटी, प्लॉट एम 2, टॉवर सी, फ्लैट-402, फ्लोर-4-रहने योग्य, स.क्र., प.ह.नं.110, फेज 1, ग्रामः कचना, प.ह.नं. 110, ग्राम लाभंडीह, प.ह.नं.113/110, रायपुर-492001.<br>**श्रीमती पांडा प्रज्ञान परमिता (सह-उधारकर्ता),** आनंदम वर्ल्ड सिटी, प्लॉट एम 2, टॉवर सी, फ्लैट-402, फ्लोर-4-रहने योग्य, स.क्र., प.ह.नं.110, फेज 1, ग्रामः कचना, प.ह.नं. 110, ग्राम लाभंडीह, प.ह.नं.113/110, रायपुर-492001.<br>**श्री पांडा आलोक कुमार (उधारकर्ता),** ए-202, दूसरी मंजिल, जैनम हाइट्स, जैनम विहार, देवपुरी, एमएमआई अस्पताल के पीछे लालपुर, रायपुर-492001.<br>**श्रीमती पांडा प्रज्ञान पारमिता (सह-उधारकर्ता),** ए-202, दूसरी मंजिल, जैनम हाइट्स, जैनम विहार, देवपुरी, एमएमआई अस्पताल के पीछे लालपुर, रायपुर-492001.<br>**श्री पांडा आलोक कुमार (उधारकर्ता),** फिडेलिटी इंजीनियरिंग, 203, पहली मंजिल, शंकर नगर, रायपुर, 492001. | ₹ 78,87,515/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 2,23,971.84/- As on 26-12-2024 | 14-02-2025 | फ्लैट, मौजा-लाभांडीह, प.ह.नं.-113, वार्ड क्रमांक-28, महर्षि वाल्मीकि वार्ड, अर्शिया अपार्टमेंट, ब्लॉक सी का रहने योग्य तल, आनंदम वर्ल्ड सिटी, फ्लैट - 402, तहसील व जिला-रायपुर छत्तीसगढ़। |
| 11. | **श्री सिंह प्रवीण (उधारकर्ता),** फ्लैट नंबर C4d-604, गोल्डन तवर, शहीद राजीव पांडे नगर, अमलीडीह रविग्राम बिंद्रावनगढ़, रायपुर, 492001.<br>**श्रीमती आनंद निर्मल (सह-उधारकर्ता),** फ्लैट नंबर C4d-604, गोल्डन टावर, शहीद राजीव पांडे नगर, अमलीडीह रविग्राम बिंद्रावनगढ़, रायपुर, 492001.<br>**श्री सिंह प्रवीण (उधारकर्ता),** निप्पॉन डिस्ट्रीब्यूटर्स C4d-604, C4d-604 गोल्डन टॉवर, रायपुर- 492001. | ₹25,00,039/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹10,56,352.58/- As on 26-12-2024 | 14-02-2025 | वह सभी हिस्सा और आवासीय संपत्ति का पार्सल फ्लैट, खं. सं.- 169/4, 175/3,191/9 पर स्थित - मौजा-अमलीडीह, प.ह.नं.-114/45 वार्ड क्र.-46, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 'गोल्डन टॉवर (नया)' फ्लैट-सं.- 604, 6 वीं मंजिल ब्लॉक C4d रा.नि.मं.-रायपुर -2, तहसील एवं जिला-रायपुर छत्तीसगढ़. |
| 12. | **श्री शर्मा अनिल (उधारकर्ता),** गोकुलधाम ब्लॉक सी, फ्लैट-203, मंजिल-2, खसरा क्र. 23/1-2, प.ह.नं. 23, ग्राम- बैकुण्ठपुर, रायगढ़-छत्तीसगढ़-496001.<br>**श्रीमती शर्मा अनुसुइया (सह-उधारकर्ता),** गोकुलधाम ब्लॉक सी, फ्लैट-203, मंजिल-2, खसरा क्र. 23/1-2, प.ह.नं. 23, ग्राम- बैकुण्ठपुर, रायगढ़-छत्तीसगढ़-496001.<br>**श्री शर्मा अनिल (उधारकर्ता),** मकान नंबर 68, ठेठवार पारा, गांजा चौक, वार्ड 10, रायगढ़-छ.ग.-496001.<br>**श्रीमती शर्मा अनुसुइया (सह-उधारकर्ता),** मकान नंबर 68, ठेठवार पारा, गांजा चौक, वार्ड 10, रायगढ़-छ.ग.-496001.<br>**श्री शर्मा अनिल (उधारकर्ता),** शर्मा डेली सर्विसेज, गांजा चौक, ठेठवार पारा, रायगढ़-छ.ग.-496001. | ₹20,13,962 /- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 36,592.22/- As on 26-12-2024 | 14-02-2025 | आवासीय संपत्ति के सभी भाग और पार्सल फ्लैट क्रमांक-23/1 एवं 23/2 मौजा-बैकंठपुर, प.ह.नं.-23, वार्ड नंबर-01, 'गोकुलधाम अपार्टमेंट' फ्लैट-नंबर-सी 203 दूसरी मंजिल, आरआईसी- तहसील रायगढ़, जिला-रायगढ़, छत्तीसगढ़. |
| 13. | **श्री सोनी पंकज (उधारकर्ता),** संजय हाइट्स, यूनिट-नंबर-बी-207-ब्लॉक-बी, फ्लोर-2, स.क्र., खसरा नंबर 27/1, 26/5, प.ह.नं. 20, मौजा चांटीडीह, वार्ड क्रमांक 44, राजस्व कॉलोनी, सरकंडा, शहीद मंगल पांडे नगर, बिलासपुर-छ.ग., -495001.<br>**श्रीमती सोनी शोभा (सह-उधारकर्ता),** संजय हाइट्स, यूनिट-नंबर-बी-207-ब्लॉक-बी, फ्लोर-2, स.क्र., खसरा नंबर 27/1, 26/5, प.ह.नं. 20, मौजा चांटीडीह, वार्ड क्रमांक 44, राजस्व कॉलोनी, सरकंडा, शहीद मंगल पांडे नगर, बिलासपुर-छ.ग., -495001.<br>**श्री सोनी पंकज (उधारकर्ता)** पिता प्रहलाद सोनी, कतियापारा, जूना बिलासपुर, द्वारा-सुनील गुप्ता, उदय चौक, बिलासपुर, एम. कॉर्प, बिलासपुर-छ.ग., - 495001.<br>**श्रीमती सोनी शोभा (सह-उधारकर्ता),** पिता प्रहलाद सोनी, कतियापारा, जूना बिलासपुर, द्वारा-सुनील गुप्ता, उदय चौक, बिलासपुर, एम. कॉर्प, बिलासपुर-छ.ग., - 495001.<br>**श्री सोनी पंकज (उधारकर्ता),** यूपीवीसी टेक्नोक्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड, गणपति डेकोर, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर-छ.ग., -495001. | ₹20,82,094/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 31,116.19/- As on 26-12-2024 | 14-02-2025 | आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा और पार्सल फ्लैट, खसरा नं.-26/5, 27/1, प्लॉट नंबर-212/1, शीट नंबर-2, मौजा-चांटीडीह, प.ह.नं.-20/33, वार्ड नंबर-62, शहीद मंगल पांडे वार्ड, फ्लैट नंबर- बी-207, द्वितीय तल ब्लॉक बी - संजय हाइट्स तहसील और जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़ |
| 14. | **श्री ठाकुर मुकुंदर सिंह,** पं. दीनदयाल आवास योजना, यूनिट-1305-एलआईजी, क्रमांक, सेक्टर 2, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001.<br>**श्री ठाकुर मुकुंदर सिंह,** पिता रामेश्वर सिंह ठाकुर, 1462, एच.बी.सी. कॉलोनी, सड्डू, सेक्टर- 08, सरधू (सरधू), रायपुर, 492014.<br>**श्री ठाकुर मुकुंदर सिंह,** मेसर्स. मुकेश कंप्यूटर्स, दुकान नंबर 03, बाजार चौक, मेन रोड, रायपुर।<br>**श्रीमती राजपूत श्रद्धा,** पं. दीनदयाल आवास योजना, यूनिट-1305-एलआईजी, क्रमांक, सेक्टर 2, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001.<br>**श्रीमती राजपूत श्रद्धा,** पिता रामेश्वर सिंह ठाकुर, 1462, एच.बी.सी. कॉलोनी, सड्डू, सेक्टर- 08, सरधू (सरधू), रायपुर, 492014. | ₹19,58,794/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 54,435.29/- As on 04-02-2025 | 27-02-2025 | आवासीय संपत्ति का वह सब हिस्सा एवं पार्सल भाग, पं. दीनदयाल आवास योजना, यूनिट-1305-एलआईजी, स.क्र., सेक्टर 2, हाउसिंग बोर्ड, कॉलोनी, सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़। |
| 15. | **श्री ठाकुर पीयूष,** साई विला, लेआउट प्लॉट नं.18, विला नं. एम-11, स.क्र., ख.नं. 668/1, 677/2, 679/2, 677(भाग), 695/5, 669; प.ह.नं. 105, ग्राम-भाठागांव, रायपुर-492001.<br>**श्री ठाकुर पीयूष,** बी-12, चुंगानिस प्राइड, चंगोरा भट्टा, रायपुर छ.ग.-492001.<br>**श्री ठाकुर पीयूष,** सीएल एजुकेट लिमिटेड, चंगोरा भट्टा गली नंबर 3, मैथकोलिना पारा, रायपुर, 492001.<br>**श्रीमती ठाकुर तनु,** साई विला, लेआउट प्लॉट नं.18, विला नं. एम-11, स.क्र., ख.नं. 668/1, 677/2, 679/2, 677(भाग), 695/5, 669; प.ह.नं. 105, ग्राम-भाठागांव, रायपुर-492001.<br>**श्रीमती ठाकुर तनु,** बी-12, चुंगानिस प्राइड, चंगोरा भट्टा, रायपुर छ.ग.-492001. | ₹ 25,83,248/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 1,22,749.13/- As on 04-02-2025 | 21-02-2025 | साई विला, लेआउट प्लॉट नं.18, विला नं. एम-11, स.क्र., खसरा नं. 668/1, 677/2, 679/2, 677(भाग), 695/5, 669; प.ह.नं. 105, ग्राम- भाटागांव, रायपुर-492001 में आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा और पार्सल। |
| 16. | **श्री ओझा गिरीश कुमार,** प्लॉट आरजी नंबर 544/2, रॉ हाउस, परगना देहातमनात, मौजा, ककरमत्ता, वार्ड नगवां, न्यू कॉलोनी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221002.<br>**श्री ओझा गिरीश कुमार,** फ्लैट नंबर ए/105 स्वर्ण रेजीडेंसी, लिंगियाडीह, सीपत रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006.<br>**श्री ओझा गिरीश कुमार,** केएसके महानदी पावर कंपनी लिम, नलियारा, द. अकलतरा, जिला जांजगीर चांपा, जांजगीर चांपा।<br>**श्रीमती ओझा मधु,** प्लॉट आराजी नंबर 544/2, रॉ हाउस, परगना देहातमनात, मौजा, ककरमत्ता, वार्ड नगवां, न्यू कॉलोनी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221002.<br>**श्रीमती ओझा मधु,** फ्लैट नंबर ए/105 स्वर्ण रेजीडेंसी, लिंगियाडीह, सीपत रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006. | ₹ 70,58,868/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 12,15,105.22/- As on 04-02-2025 | 21-02-2025 | आवासीय संपत्ति का समस्त व आंशिक भाग, प्लॉट आरजी नंबर 544/2, रॉ हाउस, परगना देहातमनात, मौजा, ककरमत्ता, वार्ड नगवां, न्यू कॉलोनी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221002. |
| 17. | **श्री गोंडवानी विजय,** सर्वम, यूनिट-27, 28, स.क्र., खसरा नंबर 148/3, 148/4, 415/2, प.ह.नं. 109/39; ग्राम-दलदल सिवनी-रायपुर-492001.<br>**श्री गोंडवानी विजय,** फ्लैट नंबर एफ-504, अशोका हाइट्स, अमन नगर, मोवा, रायपुर, छ.ग.-492001<br>**श्री गोंडवानी विजय,** पूनम साड़ीज, गेट नंबर 2, रायपुर-492001<br>**श्रीमती गोंडवानी पंखुड़ी,** सर्वम, यूनिट-27,28, स.क्र., खसरा नंबर 148/3, 148/4, 415/2, प.ह.नं. 109/39; ग्राम-दलदल सिवनी-रायपुर-492001.<br>**श्रीमती गोंडवानी पंखुड़ी,** फ्लैट नंबर एफ-504, अशोका हाइट्स, अमन नगर, मोवा, रायपुर, छ.ग.-492001 | ₹16,45,559/- as on 31-Jan-2025 For Credit Card:- ₹ 68,608.98/- As on 04-02-2025 | 21-02-2025 | आवासीय संपत्ति का समस्त व आंशिक भाग, सर्वम, यूनिट-27, 28, स.क्र., खसरा नं. 148/3, 148/4, 415/2, प.ह.नं.109/39; ग्राम-दलदल सिवनी-रायपुर. |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।

उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।


स्थान : रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़
दिनांक : 26.03.2025

पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400020

कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### बेटी के 50 पालतू कुत्तों ने किया हमला, मां की मौत



**पुएब्लो।** कोलोराडो की एक महिला के कुछ पालतू कुत्तों ने उसकी 76 वर्षीय मां पर हमला कर उनकी जान ले ली। इसके बाद महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुएब्लो काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, जेसिका हॉफ (47) को उसकी मां लावोन हॉफ की फरवरी में हुई मौत के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। लावोन 'डिमेंशिया' से पीड़ित थीं और उन्हें 24 घंटे देखभाल की जरूरत थी। डिमेंशिया एक मानसिक रोग है जिसमें याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता कमजोर हो जाती है। शेरिफ कार्यालय के मुताबिक, जेसिका हॉफ तीन फरवरी को अपनी मां को कोलोराडो सिटी स्थित घर में अकेला छोड़कर बाहर गई थी।

### रक्षा मंत्रालय ने कहा- मेक इन इंडिया, सुधारों की बदौलत केंद्र ने घरेलू उत्पादन की रफ्तार बढ़ाई

# 2029 तक रक्षा उत्पादन 3 लाख करोड़, निर्यात 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचाएगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह दावा किया कि वर्ष 2014 से रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। इसी के मद्देनजर आगामी लगभग पांच वर्षों में यानी 2029 तक देश के रक्षा उत्पादन को बढ़ाकर 3 लाख करोड़ और रक्षा निर्यात को 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचाने का महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ पर था और उसी दौरान रक्षा निर्यात 21 हजार 83 करोड़ रुपए पर पहुंच गया था। मौजूदा वित्त वर्ष में घरेलू रक्षा उत्पादन 1.75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने की दिशा में भारत आगे बढ़ रहा है। इसकी बीते एक दशक से तुलना करें तो वर्ष 2014-15 के 46 हजार 429 करोड़ की तुलना में 174 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि है। इसी अवधि में 30 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ रक्षा निर्यात का आंकड़ा 1 हजार 941 करोड़ रुपए पर जा पहुंचा।

### 100 से अधिक देशों को निर्यात करता है भारत



### विदेशों पर घटी निर्भरता

मंत्रालय के मुताबिक, मेक इन इंडिया अभियान और अन्य नीतिगत सुधारों के माध्यम से केंद्र ने घरेलू रक्षा उत्पादन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है। इसका परिणाम यह हुआ कि विदेशों पर निर्भरता में कमी देखने को मिली है। ये बदलाव रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के व्यापक दृष्टिकोण का एक अहम घटक रहा है, जिसने देश को उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों और उपकरणों के उत्पादन के लिए एक उभरते हुए केंद्र के रूप में स्थापित किया है। बीते एक दशक में रक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला है।

### 65 फीसदी उपकरणों का करते उत्पादन

देश का रक्षा बजट 2013-14 के 2 लाख 53 हजार 346 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 6 लाख 21 हजार 940.85 करोड़ पर पहुंच गया है। 65 फीसदी रक्षा उपकरणों का घरेलू स्तर पर उत्पादन जारी है। जो पूर्व में 65 से 70 फीसदी की आयात निर्भरता के मामले में आए हुए अहम बदलाव को दर्शाता है। घरेलू उत्पादन बढ़ाने में 16 डीपीएसयू, 430 से अधिक लाइसेंस कंपनियों और 16 हजार एमएसएमई का योगदान है। कुल घरेलू उत्पादन में निजी क्षेत्र की 21 फीसदी भागीदारी है।

### एक गांव के 36 युवाओं का उप्र पुलिस में चयन

**बागपत।** बागपत के सरूरपुरकलां गांव के कुल 36 युवक-युवतियों ने हाल ही में भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण करके उत्तर प्रदेश पुलिस बल में स्थान हासिल किया है। इनमें से अधिकांश ने बिना किसी कोचिंग संस्थान में दाखिला लिए यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। गांव के प्रधान जगवीर ने कहा, हमारे गांव में एक भी कोचिंग संस्थान नहीं है, न ही हमारे पास पेशेवर शारीरिक प्रशिक्षक की सुविधा है। यहां के युवा खुद अभ्यास करते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने 13 मार्च को सीधी भर्ती-2023 के तहत 60,244 उम्मीदवारों के चयन की घोषणा की थी। पिछले साल फरवरी के शुरू में आयोजित भर्ती प्रक्रिया को प्रश्नपत्र लीक होने के कारण रद्द करना पड़ा था।




# 7.81 लाख सिम कार्ड और 83 हजार व्हॉट्सएप खाते ब्लॉक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने इस साल 28 फरवरी तक डिजिटल धोखाधड़ी से जुड़े 7.81 लाख से ज्यादा सिम कार्ड ब्लॉक किए हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने सदन को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पुलिस अधिकारियों द्वारा चिह्नित कुल 2,08,469 आईएमईआई को भारत सरकार ने ब्लॉक कर दिया है। इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (आईएमईआई) हर फोन को दिया जाने वाला एक विशिष्ट नंबर होता है।


मंत्री ने कहा कि इसके अलावा, गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने डिजिटल अरेस्ट के लिए इस्तेमाल किए गए 3,962 से ज्यादा स्काइप आईडी और 83,668 व्हॉट्सऐप अकाउंट की पहचान करके उन्हें ब्लॉक कर दिया है।

### डिजिटल धोखाधड़ी पर एक्शन













VML.5798.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com